4th Year Anniversary

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ



उससे हो सकता नहीं, जिससे तुमको प्यार।
उससे करो विवाह तुम, जिससे हमको प्यार।
जिससे हमको प्यार, यही कहकर धमकाते।
टेढ़े सब मां-बाप, प्रेमियों को ठुकराते।
कह साहिल कविराय, पूछ लो चाहे जिससे।
जहां कहें मां-बाप, ब्याह बस होगा उससे।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 11 | ISSUE 41 | SUNDAY 22-02-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com



# पूर्वी तहसील में हुए स्टॉम्प ड्यूटी घोटाले में हैरानीजनक नाम आए सामने, चिंदी चोरी कर रहे व्हाइट कॉलर वाले इंसान

## लिस्ट में शहर के नामी बिजनेसमैन, कॉलोनाइजर, डॉक्टर्स और संस्थाओं के नाम शामिल

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/21 फरवरी। लुधियाना की तहसीलों में रजिस्ट्रियां करवाने में बड़ा घोटाला होने की चचाएं अक्सर सामने आती रहती है। जिसके चलते पिछले समय में विजिलेंस द्वारा वेस्ट तहसील के जगसीर सिंह सरां को गलत रजिस्ट्रियां करवाने के आरोप में गिरफ्तार किया था। वहीं अब ईस्ट तहसील का एक बड़ा घोटाला निकलकर सामने आया। जहां गलत तरीके से रजिस्ट्रियां करवाकर कम स्टॉम्प ड्यूटी भरकर सरकारी खजाने को भारी नुकसान पहुंचाया गया। इस मामले में अभी तक 296 केस सामने आए हैं।

जिसमें 159 केस में पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के आदेशों पर थाना मोती नगर की पुलिस ने प्रॉपर्टी सेल परचेज करने वाले 318 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस एफआईआर की जांच करने के बाद कई हैरानीजनक नाम निकलकर सामने आए हैं। इन 318 आरोपियों में शहर के कई नामी कारोबारी, कॉलोनाइजर, बिजनेसमैन, फाइनेंसर, डॉक्टर और संस्थाओं के नाम शामिल हैं। इन लोगों में कई ऐसे नाम शामिल हैं, जिनकी और से खुद को डंके की चोट पर व्हाइट कॉलर दिखाया जाता है। लेकिन अंदरखाते सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। जबकि इन नामी लोगों में कई तो ऐसे हैं जिन्होंने चिंदी चोरी यानि कि 5-5 हजार रुपए की स्टॉम्प ड्यूटी चोरी करने के चक्कर में यह पूरा खेल कर डाला।

### राजनेताओं की शरण में पहुंचे कई आरोपी



इन आरोपियों में कई तो राजनेताओं के चहेते भी शामिल हैं। चचाएं हैं कि उनकी और से अब राजनेताओं की शरण में जाना शुरू कर दिया गया है। उनकी तरफ से कोशिशें की जा रही है कि किसी तरह बचाव हो सके। लेकिन अब देखना होगा कि क्या अब राजनेता ऐसे लोगों को बचाएंगे या सरकार से ही धोखा करने वाले पर नुकेल डालकर मिसाल कायम करेंगें।

### कॉलोनाइजरों और डीलरों की सभी रजिस्ट्रियों की हो जांच

वहीं पहले चचाएं सामने आती थी कि कॉलोनाइजरों और प्रॉपर्टी डीलरों का तहसीलों में बोलबाला रहता है। लेकिन इस एफआईआर ने इस बात से भी पर्दा उठा दिया है। इस मामले में कई नामी कॉलोनाइजरों और प्रॉपर्टी डीलरों के साथ साथ फर्मो के नाम भी शामिल है।

शहर में चर्चा है कि इन आरोपियों का अभी एक-एक रजिस्ट्री में घोटाला करने फर नाम सामने आए हैं, अगर इन कॉलोनाइजरों व डीलरों की सभी रजिस्ट्रियों की जांच हो तो बड़े खुलासे होने की संभावना है।

### पॉश इलाकों के यह है आरोपी

वहीं पॉश इलाके के आरोपियों में गुरदेव नगर के सुमेल सिंह, अग्र नगर की बंदना अबरोल, राजगुरु नगर की पूजा गर्ग, टैगोर नगर की जया कालड़ा, उनका पति रवि अरपण अरोड़ा, गुरदेव नगर के गुरचरन सिंह, दुगरी फेस-1 के हर्ष सूद, शर्मनजी वाटिका के दिनेश अग्रवाल, महावीर एन्क्लेव के अरविंद बांसल, महावीर एन्क्लेव की अंजली बांसल, शर्मनजी वाटिका की निखिता अग्रवाल, रिषी नगर की भारती जैन, क्लब रोड की कुसुम कपूर, मधुबन एन्क्लेव में जोगिंदर पाल सूद, साउथ सिटी के शमिंद्र मोहन चौपड़ा, सुखमनी एन्क्लेव के राजीव वोहरा, किचलू नगर के हरभजन सिंह, कॉलेज रोड के संभव जैन, न्यू टैगोर नगर के सुरजीत सिंह, मॉडल टाउन एक्सटेंशन की मनप्रीत कौर, बसंत एवेन्यू की मनीता रानी, गुरदेव नगर की अलका जैन, सिम्मी जैन, बीआरएस नगर की गुरचरन कौर, सराभा नगर के रोहित जैन, बीआरएस नगर के जसविंदर सिंह, सेक्टर-32ए के रमेश कुमार, ढोलेवाल की अमृत कौर, साउथ सिटी कंट्री होम की नितिका बासू, सुखमनी एन्क्लेव की हरप्रीत कौर, नोलक्खा गार्डन कॉलोनी के कपिल जुनेजा, मोहर सिंह नगर की कशिश चौपड़ा, आत्म पार्क के विपिन कालड़ा, सेक्टर-32ए के विनय कुमार सिंगला, मॉडल टाउन एक्सटेंशन के विधू गुप्ता, बीआरएस नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के गोपाल संड, किचलू नगर के विवेक कुमार गोयल, पालम मार्ग बसंत विहार की राखी जैन, ईस्ट मॉडल ग्राम के साहिल कुमार, जमालपुर फेस-2 की अमनदीप कौर, मॉडल टाउन एक्स के पवन कुमार, मॉडल टाउन एक्स की सोनिया बजाज, मॉडल हाउस की सुरिंदर कौर, संत फतेह सिंह नगर के कपिल बजाज, उधम सिंह नगर की नैना धीर, सेक्टर-32ए के सारेश गोयल, मॉडल टाउन की संगीता वरसानी, जनपथ एस्टेट के प्रदीप कुमार, बसंत विहार के संजीव मलिक और दिलप्रीत सिंह ग्रेवाल, गुरदेव नगर की संगीता जैन, राजगुरु नगर एक्सटेंशन एफ ब्लॉक के सतीश गुप्ता, मॉडल टाउन के इंद्रजीत सिंह का नाम शामिल हैं।

### संस्थाओं और ट्रस्ट में यह है आरोपी

वहीं शहर की कई संस्थाओं और ट्रस्ट पदाधिकारियों पर भी मामले दर्ज किए गए हैं। जिसमें सिविल लाइन प्रेम नगर की संगीत वेलफेयर एंड चैरिटेबल ट्रस्ट, बस्ती जोधेवाल की सभा गुरु रविदास चौक के प्रबंधक, कासाबाद प्राइमरी स्कूल के प्यारा सिंह, प्रेम नगर के सिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर के भगत तरसेम लाल चैरिटेबल ट्रस्ट, पंचकूला के विश्वमानव रुहानी केंद्र, द माल सिविल लाइन की मां भगवती मंदिर ट्रस्ट, हरिद्वार के तीर्थ शांति कुंज की वेद माता ट्रस्ट गायत्री, राहो रोड नगिंदर नगर के गुरुद्वारा श्री गुरु हरकृष्ण साहिब जी वेलफेयर सोसायटी, गुरु नानक नगर के शिव शक्ति दुर्गा माता मंदिर व धर्मशाला का नाम शामिल हैं।

### डॉक्टर्स में यह है आरोपी

इस ठगी में कुछ डॉक्टर्स भी पीछे नहीं है।

इस एफआईआर में शहर की प्रसिद्ध गायनोलॉजिस्ट और रमा सोफत अस्पताल की प्रमुख सिविल लाइन की डॉ. रमा सोफत का नाम भी शामिल है। वहीं क्लब रोड के डॉ. वेद प्रकाश टक्कर का नाम शामिल है।



### कॉलोनाइजरों व फाइनेंसरों में यह है आरोपी

वहीं शहर की नामी जीके एस्टेट के मालिक अग्र नगर एक्सटेंशन के गुलशन कुमार का नाम भी आरोपियों में शामिल है। इसके अलावा जीटीबी नगर भामियां कलां के जीटीबी एस्टेट के मालिक, चंडीगढ़ रोड की एस.आर. डेवलपर्स एंड कॉलोनाइजर, महिंद्रा मैनसर्ज एंड लक्की स्कीम प्रा. लि., जीटीवी नगर अवतार गैस गोदाम के सामने जीटीवी एस्टेट, जमालपुर अवाना के तेज फाइनेंस एंड इन्वेस्टमेंट कारपोरेशन का नाम शामिल हैं।




### कारोबारियों में कई नामी फर्मों के नाम शामिल

वहीं कारोबारियों में फोकल प्वाइंट की नामी ताईपान एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर दविंदर सिंह, मोती नगर की स्पीड वेज कोल्ड ट्रेडर्ज के बलविंदर सिंह, कुलदीप सिंह, हरप्रीत सिंह, शेरपुर कलां की बाबा गज्जा जैन कॉलोनी की ई.डी. फैब्रिक, मोती नगर की के.सी. लैंड एंड फाइनेंस के डायरेक्टर हितेश कुमार, फिल्डगंज सुखराम नगर के लक्की टैक्सटाइल फैब, फिरोजगांधी मार्केट के कैरीबल बिल्ड के हरभजन सिंह राणा, मोती नगर के जी.के. ऑटो इंजीनियर्स के प्रोफेसर प्रेम सिंह, मोती नगर के एक्सिस बैंक लिमिटेड, सरकुलर रोड के संत कुमार एंड संस, मोती नगर के सुपर ग्रे इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेडिंग, मोती नगर एलएमपी की टेसमू टैक सॉफ्टवेयर सॉल्यूशनज, शेरपुर कलां की कृतिका ब्रदर्स का नाम शामिल है।



### ईमानदारी दिखाने वाले व्यक्ति पर हुई कार्रवाई

पंचम अस्पताल के साथ लगती मार्केट में एक्साइज एंड टैक्सेशन विभाग के पूर्व अधिकारी द्वारा जीके एस्टेट कंपनी से 100 गज जमीन खरीदी थी। उक्त व्यक्ति मुताबिक उन्होंने कलेक्टर रेट के मुताबिक 58 हजार रुपए गज के हिसाब से ईमानदारी के साथ 58 लाख की रजिस्ट्री करवाई। जबकि उनके साथ बाकी दुकानदारों की रजिस्ट्रियां 2 हजार रुपए प्रति गज के हिसाब से हुई। ईमानदारी दिखाने के बावजूद उन्हें इनकम टैक्स विभाग की तरफ से नोटिस निकाल दिया गया। वहीं रजिस्ट्री के लिए उन्हें 6 लाख रुपए कम पड़े तो रिश्तेदार से मंगवाए। वहीं स्टॉम्प ड्यूटी में पेमेंट के लिए उन्होंने बैंक खाते से सवा चार लाख निकाले, लेकिन डीलर ने कैश ल्शेने से इंकार कर दिया तो उन्होंने फिर बैंक में जमा करवा दिए। इन 6 व 4 लाख रुपए के भी उनसे सबुत लिए गए। यह सिलसिला लंबे समय तक चला। फिर एक अधिकारी की सिफारिश के बाद उन्हें राहत मिली। यानि कि गलत तरीके से रजिस्ट्रियां कराने वालों पर खुल और ईमानदारी दिखाने पर एक्शन हुआ।

# स्प्रिंग डेल में मासिक धर्म के प्रति जागरूकता संबंधी सेमिनार आयोजित

लुधियाना/यूटर्न/21 फरवरी। लुधियाना -स्प्रिंग डेल स्कूल में कक्षा 5वीं से 8वीं की लड़कियों के लिए मासिक धर्म के बारे में जागरूकता विषय पर एक जानकारी देने वाला सेशन ब्लूमिंग टुगेदर, सेमिनार का आयोजन किया गया। इस आयोजन के काउंसलर प्रियंका रहे। इसका मकसद किशोर लड़कियों की



ज़िंदगी के इस प्राकृतिक और जरूरी दौर के बारे में जागरूकता प्रदान करना था। सेशन के दौरान, काउंसलर ने छात्राओं को इसके बारे में शर्मिंदा या परेशान न होने के लिए कहा। छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने की और ध्यान रखने के लिए भी समझाया गया और मासिक धर्म से जुड़ी परेशानी को कम करने में मदद के लिए आसान कसरत और संतुलित भोजन लेने के बारे में भी बताया। स्कूल की चेयरपर्सन अविनाश कौर वालिया, डायरेक्टर कमलप्रीत कौर और डिप्टी डायरेक्टर सोनिया वर्मा ने ऐसे जागरूकता सेशन की खूब सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की कोशिशें मासिक धर्म से जुड़ी गलतफहमियों को दूर करने में अहम भूमिका निभाती हैं और जानकारी रखने वाले, आत्मविश्वास और स्वस्थ बनाने में मदद करती हैं। छात्राओं को याद दिलाया गया कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक क्रिया है जो अच्छी सेहत की निशानी है, और इस बात का इशारा है कि शरीर ठीक से काम कर रहा है।

4th Year Anniversary

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प के टैरिफ रद्द किए




VOL: 11 | ISSUE 41 | SUNDAY 22-02-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com



# उपायुक्त ने की जिलावासियों से अपील, समाधान शिविर में आकर करवाएं अपनी समस्याओं का समाधान

## जिला के लोगों की समस्याओं का सभी अधिकारी जल्द से जल्द कर रहें हैं समाधान



पंचकूला/यूटर्न/21 फरवरी। उपायुक्त श्री सतपाल शर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों में जिला के लोगों की समस्याओं का सभी अधिकारी टीम के रूप में कार्य कर जल्द से जल्द समाधान कर रहे हैं। उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिले में सोमवार व वीरवार को कार्यदिवस के दिन प्रातः 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन लगातार किया जा रहा है। उन्होने बताया कि समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं की मुख्यमंत्री स्वयं मानिटरिंग करते हैं और समाधान शिविर से जुडते भी हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को गंभीरता से लोगों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने जिलावासियों से समाधान शिविर में आकर अपनी समस्याएं रखकर उनका जल्द से जल्द समाधान करवाने की अपील की। उपायुक्त ने जिलावासियों से समाधान शिविर में आकर अपनी समस्याएं रखकर उनका जल्द से जल्द समाधान करवाने की अपील की। उपायुक्त श्री सतपाल शर्मा ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में आई जिलावासियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर व तय समय सीमा में समाधान करें।

# पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट से सड़क हादसे के पीड़ित परिवार को बड़ी राहत

## मुआवजा 21 लाख से बढ़ाकर 35.18 लाख रुपये किया, 9% ब्याज भी देय




पंचकूला/यूटर्न/21 फरवरी। सड़क दुर्घटना में 23 वर्षीय युवक संदीप की मौत के मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने आश्रित परिवार को बड़ी राहत प्रदान की है। जस्टिस Sudeepti Sharma की एकलपीठ ने मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, सोनीपत द्वारा 31 जनवरी 2019 को पारित अवॉर्ड में संशोधन करते हुए मुआवजे की राशि 21.11 लाख रुपये से बढ़ाकर 35.18 लाख रुपये निर्धारित कर दी।अदालत के इस आदेश से परिवार को 14.07 लाख रुपये की अतिरिक्त राशि मिलेगी। साथ ही, दावा याचिका दायर करने की तिथि से भुगतान तक 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देय होगा।

### आय का पुनर्मूल्यांकन

अपीलकर्ता सुमन शर्मा व अन्य आश्रितों ने दलील दी थी कि अधिकरण ने मृतक की वास्तविक आय का सही आकलन नहीं किया। रिकॉर्ड के अनुसार संदीप एक निजी कंपनी में कार्यरत था और जुलाई 2017 की वेतन पर्ची में उसकी मासिक आय 14,412 रुपये दर्शाई गई थी। इसके बावजूद अधिकरण ने उसकी आय 9,000 रुपये प्रतिमाह मान ली थी।

हाई कोर्ट ने कहा कि मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही संक्षिप्त प्रकृति की होती है और तकनीकी आधार पर प्रमाणित वेतन पर्ची को खारिज करना उचित नहीं था। अदालत ने मासिक आय को 14,500 रुपये न्यायोचित रूप से स्वीकार किया।

### सुप्रीम कोर्ट के सिद्धांतों के आधार पर पुनर्गणना

अदालत ने सुप्रीम कोर्ट के स्थापित सिद्धांतों के अनुरूप मुआवजे की पुनर्गणना की। 23 वर्ष की आयु के आधार पर 18 का गुणक (मल्टीप्लायर) लागू किया गया और भविष्य की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए आय में 40 प्रतिशत की वृद्धि जोड़ी गई।नई गणना के अनुसार मासिक निर्भरता 15,225 रुपये तय हुई, जिससे कुल वार्षिक निर्भरता के आधार पर 32,88,600 रुपये की राशि निर्धारित की गई। इसके अतिरिक्त 15,000 रुपये संपत्ति हानि, 15,000 रुपये अंतिम संस्कार व्यय तथा 2,00,000 रुपये पारिवारिक, दांपत्य एवं संतान संबंधी मद में प्रदान किए गए। इस प्रकार कुल मुआवजा 35,18,600 रुपये तय किया गया।

### बीमा कंपनी को दो माह में भुगतान का निर्देश

हाई कोर्ट ने बीमा कंपनी को निर्देश दिया है कि वह दो माह के भीतर बढ़ी हुई राशि 9 प्रतिशत ब्याज सहित अधिकरण में जमा कराए। अधिकरण को आदेश दिया गया है कि पूर्व निर्धारित अनुपात के अनुसार राशि सीधे आश्रितों के बैंक खातों में वितरित की जाए। अदालत ने अपने निर्णय में स्पष्ट किया कि मोटर वाहन अधिनियम एक कल्याणकारी कानून है, जिसका उद्देश्य दुर्घटना पीड़ित परिवारों को न्यायसंगत और मानवीय आधार पर राहत प्रदान करना है।

मुआवजे का निर्धारण यांत्रिक नहीं, बल्कि संवेदनशील दृष्टिकोण से किया जाना चाहिए, ताकि पीड़ित परिवार को वास्तविक न्याय मिल सके।

# अमृतसर में बड़ी आतंकी साजिश मान सरकार की विफलता का प्रमाण: तरुण चुग



चंडीगढ़/यूटर्न/21 फरवरी। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने अमृतसर में पुलिस चौकी को आईईडी से उड़ाने की साजिश को पंजाब की बिगड़ती कानून-व्यवस्था का गंभीर संकेत बताया है। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती राज्य में पुलिस प्रतिष्ठान को निशाना बनाने की कोशिश अत्यंत चिंताजनक है और यह दर्शाता है कि आतंकी तत्वों के हौसले बुलंद हैं। चुग ने बम निरोधक दस्ते और सुरक्षा कर्मियों की तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मुस्तैदी से एक बड़ी त्रासदी टल गई। साथ ही उन्होंने राज्य सरकार से सवाल किया कि विस्फोटक सामग्री शहर के भीतर तक कैसे पहुंची और क्या खुफिया तंत्र पूरी तरह निष्क्रिय हो चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले चार वर्षों में पंजाब गैंगवार, जेलों से संचालित अपराध, ड्रोन के जरिए हथियार और नशे की सप्लाई तथा सीमापार आतंकी गतिविधियों का केंद्र बनता जा रहा है। यह स्थिति राज्य की कमजोर आंतरिक सुरक्षा को उजागर करती है। चुग ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार कानून-व्यवस्था संभालने में विफल रही है। पंजाब की जनता सुरक्षा से समझौता बर्दाश्त नहीं करेगी और सरकार को सीमावर्ती प्रदेश की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए।

# चेक बाउंस के 4 मामलों में वांछित अपराधी सेक्टर-26 पंचकूला से गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा



पंचकूला /यूटर्न/21 फरवरी। पंचकूला पुलिस की पीओ स्टाफ टीम ने चेक बाउंस के 4 मामलों में लंबे समय से वांछित चल रही आरोपी पल्लवी स्वराज को सेक्टर-26 पंचकूला क्षेत्र से गिरफ्तार कर एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। आरोपी काफी समय से अदालत से बचती फिर रही थी और कोर्ट को चकमा दे रही थी। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी पहले भी जेल जा चुकी है और जमानत मिलने के बाद बाहर आई हुई थी। इसके बावजूद वह लगातार पेशियों से बचती रही, जिसके चलते उसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही थी। पीओ स्टाफ टीम के इंचार्ज इंस्पेक्टर वीरेंद्र नैन के नेतृत्व में सिपाही आजाद सिंह ने कई दिनों तक गुप्त रूप से रैकी कर आरोपी की गतिविधियों पर नजर रखी और सटीक सूचना के आधार पर टीम ने सेक्टर-26 पंचकूला से उसे काबू किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया। आरोपी को माननीय जेएमआईसी मनमीत कौर की अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में पीओ स्टाफ की टीम के एएसआई संजीव , महिला सिपाही पूजा , सिपाही अमित तथा होमगार्ड महेंद्र भी शामिल थे, जिनकी सतर्कता और टीमवर्क से यह कार्रवाई संभव हो सकी। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि अदालत से बचने वाले आरोपियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है और कानून से बचने का प्रयास करने वालों को हर हाल में न्याय के कटघरे में लाया जाएगा।

# मोबाइल स्नैचिंग मामले में आरोपी गिरफ्तार, छीना गया आई-फोन बरामद कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा



पंचकूला/यूटर्न/21 फरवरी। क्राइम ब्रांच सेक्टर - 19 की टीम ने इंचार्ज एसआई मुकेश सैनी के नेतृत्व में मोबाइल स्नैचिंग के एक मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी मोहित उर्फ मोरी (उम्र 32 वर्ष), निवासी खड़क मंगोली पुराना पंचकूला को गिरफ्तार किया है। आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता दीप्ति वधावन, निवासी सेक्टर-4 पंचकूला ने शिकायत दी थी कि 29 जनवरी 2026 को शाम के समय सेक्टर-4 में टहलते हुए उनका आई-फोन अज्ञात व्यक्ति द्वारा छीन लिया गया। शिकायत के आधार पर थाना सेक्टर-5 में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। इस अनुसंधान पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, तकनीकी व अन्य साक्ष्य जुटाए तथा जांच के दौरान आरोपी मोहित उर्फ मोरी का नाम सामने आया, जो पहले से ही अन्य मामले में न्यायिक हिरासत में केंद्रीय जेल अंबाला में बंद था। पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर आरोपी को अदालत में पेश कर पूछताछ की व आरोपी के कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन बरामद किया गया। पंचकूला पुलिस ने कहा कि स्नैचिंग व चोरी जैसे अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है और दोषियों को कानून के अनुसार सख्त सजा दिलाई जाएगी।



पेज 12 चंडीगढ़ में भगवान वाल्मीकि भवन निर्माण की मांग तेज

# जेएंडके में पहलगाम हमले के बाद बंद हुए टूरिस्ट स्पॉट, मई तक फिर से खुलेंगे, नौ नई जगहों की योजना

चंडीगढ़/यूटर्न/21 फरवरी। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने घोषणा की है कि जम्मू-कश्मीर के टूरिस्ट डेस्टिनेशन, जो पिछले साल पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद बंद कर दिए गए थे, 9 मई तक फिर से खुल सकते हैं। इससे गर्मियों के पीक सीजन से पहले केंद्र शासित प्रदेश के टूरिज्म सेक्टर को फिर से शुरू करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाने का संकेत मिलता है। विधानसभा में बोलते हुए, अब्दुल्ला ने कहा कि सरकार पहलगाम में 22 अप्रैल, 2025 को हुए हमले के बाद बंद की गई जगहों तक धीरे-धीरे पहुंच बहाल करने के लिए काम कर रही है, जिससे इलाके की टूरिज्म इंडस्ट्री को बड़ा झटका लगा था। घटना के बाद एहतियात के तौर पर शुरू में करीब 50 टूरिस्ट स्पॉट बंद कर दिए गए थे। हालांकि कई जगहें सिक्योरिटी रिव्यू के बाद फेज में फिर से खुल गई हैं, लेकिन बाकी जगहों के मई की शुरूआत तक फिर से खुलने की उम्मीद है।



## नौ नए टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनेंगे

मुख्यमंत्री ने यात्रा के ऑप्शन को अलग-अलग करने और पारंपरिक हॉटस्पॉट पर दबाव कम करने के लिए नौ नई टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनाने की योजना की भी घोषणा की। इस कदम का मकसद टूरिज्म इकॉनमी को मजबूत करना और पूरे केंद्र शासित प्रदेश में विजिटर्स की आवाजाही को और बराबर फैलाना है।

## गुलमर्ग और सोनमर्ग में बुकिंग शुरू

हमले के बाद लंबे समय तक मंदी की शुरूआती आशंकाओं के बावजूद, अब्दुल्ला ने कहा कि टूरिज्म सेक्टर में सुधार के संकेत मिले हैं। गुलमर्ग और सोनमर्ग जैसी पॉपुलर जगहों पर अच्छी बुकिंग हुई है, जबकि श्रीनगर में लगातार टूरिस्ट आ रहे हैं। सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर को अपग्रेड करने और मुख्य टूरिस्ट जगहों पर बेसिक सुविधाओं को बेहतर बनाने पर भी फोकस कर रही है, जिसमें साफ-सफाई की सुविधाएं, बेहतर सड़क पहुंच और बेहतर विजिटर सर्विस शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा कि ये सुधार टूरिस्ट का भरोसा फिर से बनाने और यात्रियों के लिए एक आसान अनुभव पक्का करने के लिए जरूरी हैं।

## जेएंडके की इकॉनमी का अहम हिस्सा है टूरिज्म

जम्मू और कश्मीर की इकॉनमी का एक अहम हिस्सा, टूरिज्म इंडस्ट्री को पहलगाम हमले के बाद अनिश्चितता का सामना करना पड़ा था। हालांकि, धीरे-धीरे फिर से खुलने, बेहतर सुरक्षा उपायों और नई जगहों की घोषणा के साथ, अधिकारियों को उम्मीद है कि आने वाले सीजन में विजिटर्स की संख्या में काफी बढ़ोतरी होगी। इंडस्ट्री के स्टेकहोल्डर्स ने इस फैसले का स्वागत किया है, और कहा है कि गर्मियों की भीड़ से पहले बाकी सभी साइट्स को फिर से खोलने से लोकल बिजनेस, होटल मालिकों, ट्रांसपोर्ट ऑपरेटरों और कारीगरों को बहुत जरूरी राहत मिलेगी, जो अपनी रोजी-रोटी के लिए टूरिज्म पर बहुत ज्यादा निर्भर हैं।

# पंजाब बचाओ रैली में सीएम नायब सिंह सैनी का आह्वान, विकास और सुशासन पर जोर

अमृतसर/चंडीगढ़, 21 फरवरी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अमृतसर में आयोजित 'पंजाब बचाओ' रैली को संबोधित करते हुए पंजाब में विकास, सुरक्षा और सुशासन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पंजाब भारत की आत्मा है, जहां से 'सरबत दा भला' का संदेश पूरी दुनिया में गया और जिसने देश को भगत सिंह, उधम सिंह व सुखदेव जैसे महान सपूत दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज आत्ममंथन का समय है—क्या युवा सुरक्षित भविष्य की ओर बढ़ रहा है या नशे और बेरोजगारी की मार झेल रहा है। उन्होंने कांग्रेस और



आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती सरकारों में भ्रष्टाचार और ढीली प्रशासनिक व्यवस्था से पंजाब कमजोर हुआ। उन्होंने राज्य सरकार से श्वेत पत्र जारी कर रोजगार और नशा तस्करी पर कार्रवाई का ब्यौरा देने की मांग की।सैनी ने हरियाणा की योजनाओं का उल्लेख करते हुए एमएसपी, आयुष्मान योजना, फसल मुआवजा और वृद्धावस्था पेंशन का जिक्र किया। उन्होंने 2027 में भाजपा को अवसर देने की अपील करते हुए भरोसा जताया कि भाजपा सरकार बनने पर अपराध और नशे पर सख्त कार्रवाई होगी।

# चोरी की 36 ई-रिक्शा बैटरियों सहित चोर व कबाड़ी गिरफ्तार

कुलदीप सैनी

पंचकूला/यूटर्न/21 फरवरी। नागरिक अस्पताल पंचकूला से लगातार हो रही ई-रिक्शा बैटरियों की चोरी के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। सेक्टर-7 थाना प्रभारी एवं जांच अधिकारी राजेश कुमार ने प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि मामले का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी और चोरी का सामान खरीदने वाले कबाड़ी दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी सन्नी निवासी पानीपत, जो हाल ही में पंचकूला स्थित आर्मी हॉस्पिटल में माँ नौकरी पर है और उसे वहीं क्वार्टर है, नशे की लत को पूरा करने के लिए लगातार चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा



था। आरोपी द्वारा नागरिक अस्पताल क्षेत्र से ई-रिक्शा की बैटरियां चोरी की जाती थीं। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी सन्नी को काबू कर लिया। उसकी निशानदेही पर अब तक कुल 36 ई-रिक्शा बैटरियां बरामद की गई हैं। पुलिस के अनुसार चोरी किए गए सामान की 100 प्रतिशत रिकवरी कर ली गई है। मामले में दूसरा आरोपी मोहन कबाड़ी निवासी मौली जागरां को भी गिरफ्तार किया गया है। जांच में पता चला कि चोरी की गई बैटरियां पंचकूला एमडीसी क्षेत्र में गुरुद्वारा कोहनी साहिब के आसपास छुपाकर रखी गई थीं, जहां से पुलिस ने बरामदगी की। सेक्टर-7 थाना पुलिस की सतर्कता और गहन जांच के चलते इस संगठित चोरी गिरोह का पदार्फाश किया जांच अधिकारी थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि मामले में आगे की जांच जारी है तथा यह भी खंगाला जा रहा है कि आरोपी अन्य स्थानों पर भी इस प्रकार की वारदातों में संलिप्त रहा है या नहीं। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अपराध पर सख्ती से अंकुश लगाने के लिए ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# श्री खाटू श्याम व सालासर बाला जी धाम के लिए पहली धार्मिक बस यात्रा रवाना



चंडीगढ़/यूटर्न/21 फरवरी। भक्ति पथ यात्रा ग्रुप द्वारा श्री खाटू श्याम जी एवं श्री सालासर बाला जी धाम के दर्शनों हेतु पहली धार्मिक बस यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा को एडिशनल सॉलिसिटर जनरल श्री सत्य पाल जैन ने झंडा दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पूर्व मेयर देवेश मोदगिल, पूर्व डिप्टी मेयर अनिल दुबे, 1008 महामंडलेश्वर कमली माता सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने नारियल फोड़कर यात्रा की शुरूआत की। आयोजकों ने बताया कि समूह का उद्देश्य युवाओं को सनातन धर्म से जोड़ना और प्रत्येक माह धार्मिक यात्राओं के माध्यम से प्रभु भक्ति का संदेश फैलाना है। प्रसिद्ध समाजसेवी सोनू सेठी ने भजनों के माध्यम से यात्रियों का स्वागत किया और भंडारे की व्यवस्था की। यात्रा की सेवा में महिपाल खाती, पूनम कोठारी, बसवानंद भट्ट सहित कई श्रद्धालुओं ने सक्रिय सहयोग दिया।

# चंडीगढ़ में मजदूर भवन के लिए स्थान चयन जल्द, सत्य पाल जैन ने किया निरीक्षण



चंडीगढ़/यूटर्न/21 फरवरी। चंडीगढ़ की समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष सत्य पाल जैन के नेतृत्व में प्रस्तावित मजदूर भवन के निर्माण हेतु स्थान चयन की प्रक्रिया तेज हो गई है। इसी क्रम में समिति की उपसमिति ने सेक्टर 44-ए और 44-सी के दो संभावित स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण दल में देवेश मोदगिल, राम लाल, मुकेश गोयल, लेबर चौक से जुड़े मजदूर नेता तथा चंडीगढ़ प्रशासन के आर्किटेक्ट, लेबर प्लानिंग और समाज कल्याण विभाग के अधिकारी शामिल रहे। प्रशासन ने सेक्टर 44-ए में चार कनाल का प्लॉट प्रस्तावित किया है, जबकि सेक्टर 44-सी स्थित लेबर चौक पर अधिक स्थान उपलब्ध बताया गया। सत्य पाल जैन ने कहा कि दोनों स्थान उपयुक्त हैं, लेकिन लेबर चौक वाला स्थल अधिक सुविधाजनक प्रतीत होता है। समिति शीघ्र ही अपनी रिपोर्ट समाज कल्याण समिति और प्रशासक को सौंपेगी। प्रस्तावित मजदूर भवन में सस्ती दरों पर भोजन-नाश्ता, छोटा हॉल, 200-300 मजदूरों के बैठने की व्यवस्था और साइकिल-स्कूटर पार्किंग की सुविधा होगी। जैन ने कहा कि यह भवन मजदूरों को समर्पित देश का अनूठा प्रयास होगा।

# गश्त के दौरान युवक 30 नशीली गोलियों सहित गिरफ्तार

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/21/फरवरी। थाना जोधा पुलिस ने नियमित गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान एक युवक को नशीली गोलियों सहित गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार, एस.आई. गुरचरण सिंह पुलिस टीम के साथ मुख्य मार्ग से गांव ढैपई की ओर जा रहे थे। जम्मू-कटड़ा हाईवे के पास निमार्णाधीन पुल के निकट एक युवक संदिग्ध हालत में दिखाई दिया। पुलिस वाहन को देखकर युवक ने अपने हाथ में पकड़ा पारदर्शी लिफाफा नीचे फेंक दिया और भागने लगा, लेकिन पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे काबू कर लिया। पूछताछ में उसकी पहचान गुरमीत सिंह उर्फ गीता निवासी खंडूर, थाना जोधा, लुधियाना के रूप में हुई। लिफाफे की तलाशी लेने पर 30 खुली नशीली गोलियां बरामद हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

Celebrate your Birthday
or Anniversary with UTURN TIME
in association with
Hot Breads
0161-4603333, 5012222

2 LUCKY WINNERS WILL GET CAKE WORTH OF ₹1200 EACH
*WINNERS WILL BE DECIDED THROUGH LUCKY DRAW *T&C
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
janhetaishi@gmail.com, hetaishinews@gmail.com
All rights about Distribution & Offer will be reserved by U-TURN TIME MANAGEMENT Only.

# 243 घंटे का अखंड यज्ञ पूणार्हुति के साथ संपन्न, अमन-शांति की कामना











लुधियाना/यूटर्न/21 फरवरी। मां बगलामुखी धाम में 243 घंटे का अखंड यज्ञ पूणार्हुति के साथ संपन्न हो गया। अंतिम दिन हजारों श्रद्धालुओं ने आहुति डालकर विश्व में अमन-शांति और समस्त प्राणियों के मंगल की कामना की। पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने यज्ञ में पूणार्हुति अर्पित कर प्रदेश को नशामुक्त और तंदरुस्त बनाने की प्रार्थना की। महंत प्रवीण चौधरी ने यज्ञ के निर्विघ्न समापन पर माता का आभार जताते हुए कहा कि यज्ञ स्थल की परिक्रमा मात्र से सांसारिक दुखों से मुक्ति मिलती है। उन्होंने बताया कि 11 दिवसीय अनुष्ठान के दौरान मंत्रोच्चारण और हवन से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत रहा।

पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष व सांसद अमरिंदर सिंह राजा वडिंग, विधायक मदन लाल बग्गा और जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय तलवाड़ सहित कई गणमान्य अतिथियों ने नतमस्तक होकर आशीर्वाद लिया। यज्ञ स्थल पर श्री हनुमान चालीसा का पाठ और सायंकालीन भजन संध्या ने श्रद्धालुओं को भावविभोर किया। सेवा यज्ञ के अंतर्गत हजारों स्वयंसेवकों ने रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया। वहीं धाम परिसर स्थित अन्नपूर्णा रसोई में लाखों भक्तों के लिए सात्विक भोजन व प्रसाद की व्यवस्था की गई। आयोजकों ने सभी सेवकों का आभार व्यक्त किया।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Will होने पर Probate कब आवश्यक होता है?**

बहुत से लोग यह मान लेते हैं कि वसीयत (Will) बन जाने के बाद संपत्ति अपने-आप बँट जाती है। लेकिन कई परिस्थितियों में केवल Will पर्याप्त नहीं होती; अदालत से उसकी वैधानिक पुष्टि भी आवश्यक होती है। इसी प्रक्रिया को Probate कहा जाता है।

Probate दरअसल अदालत द्वारा जारी किया गया प्रमाण है, जो यह घोषित करता है कि प्रस्तुत Will वैध है और उसे लागू किया जा सकता है। यह विशेष रूप से तब महत्वपूर्ण होता है, जब संपत्ति बड़ी हो, विवाद की संभावना हो, या संबंधित संस्था स्पष्ट न्यायिक पुष्टि चाहती हो।

भारत में कुछ क्षेत्रों—विशेषकर पुराने Presidency Towns (जैसे मुंबई, चेन्नई, कोलकाता)—में Will का Probate अनिवार्य हो सकता है, खासकर जब वह उन क्षेत्रों में स्थित अचल संपत्ति से संबंधित हो। अन्य स्थानों पर Probate हर मामले में अनिवार्य नहीं है, लेकिन विवाद की स्थिति में इसकी आवश्यकता पड़ सकती है।

Probate की प्रक्रिया में Will अदालत में प्रस्तुत की जाती है, संभावित वारिसों को नोटिस जारी होता है और यदि कोई आपत्ति नहीं होती, तो अदालत Will को प्रमाणित कर देती है। यदि आपत्ति हो, तो मामला contested हो जाता है और सिविल मुकदमे जैसा चलता है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि Probate केवल Will की वैधता की पुष्टि करता है; यह संपत्ति का बँटवारा स्वयं नहीं करता। Probate मिलने के बाद Executor या लाभार्थी (Beneficiary) संपत्ति का प्रबंधन और वितरण कर सकते हैं।

**निष्कर्ष:** Will बनाना पहला कदम है, लेकिन कुछ मामलों में Probate कानूनी सुरक्षा का आवश्यक चरण बन जाता है। विशेषकर बड़े या विवादास्पद मामलों में Probate भविष्य के मुकदमों से बचाव का सशक्त माध्यम है।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### अपनी अपनी मंजिल अपना अपना रास्ता।

जिंदगी आदमी को दौड़ने के लिए कई रास्ते देती है पर यह कोई जरूरी नहीं होता कि सभी एक ही रास्ते की तरफ दौड़ें। यह हमें देखना होता है कि हमें कौन सा रास्ता पकड़कर कौन सी मंजिल तक पहुँचना है। जिसने अपनी मंजिल सही चुनी और रास्तागलत पकड़ लिया तो उसकी सारी मेहनत बेकार चली जाती है क्योंकि जब भी हम जीवन में धन दौलत, शोहरत, इज्जत की मंजिल पाने के लिए कोई भी शोर्ट कट या ऐसा रास्ता पकड़ लेते हैं जो हमारे सामाजिक मायनों के अनुसार सही नहीं है वो हमें अपमान, तिरस्कार और मानसिक तनाव से ज्यादा और कुछ नहीं मिलेगा। तो बेहतर तो यही होगा कि हम अपनी बुद्धि का उचित प्रयोग करके सही मंजिल और और सही राह पकड़कर वो सब कुछ हासिल करें जो हम चाहते हैं। बशर्ते अपनी अपनी मंजिल हासिल करने के लिए रास्ता कोई भी हो बस वो रास्ता ईमानदारी और सामाजिक तौर पर ऐसा हो कि हम समाज में अपना सिर ऊँचा करके जी सकें।(चारू नागपाल)

# इस्कॉन जनपथ की चौथी श्री श्री गौर निताई रथ यात्रा आज, भक्ति और उल्लास से गूंजेगा शहर-रक्षा नाथ दास



लुधियाना/यूटर्न/21 फरवरी। अंतर्राष्ट्रीय श्री कृष्णा भावनामृत संघ इस्कॉन जनपथ द्वारा इस्कॉन मंदिर स्टेयरिंग बोर्ड के सहयोग से आज दोपहर 12 बजे प्राचीन गऊशाला डिवीजन नंबर 3 से चौथी भव्य श्री श्री गौर निताई रथ यात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली जा रही है।जिसकी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इस्कॉन जनपथ व बोर्ड के अध्यक्ष रक्षा नाथ दास, उप चेयरमैन राजेश ढांडा,को चेयरमैन अमित गर्ग, महासचिव योगेश गुप्ता, उपाध्यक्ष अजय सिंघानिया, अनिल सिंघानिया, अविनाश गुप्ता,राजेश न्यूटिया, कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता, विनय गर्ग ने बताया कि रथ यात्रा की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।पूरा रथ यात्रा मार्ग दुल्हन की तरह सज चुका है।रथ यात्रा प्रोजेक्ट डायरेक्टर सोनू अजमानी, सौरभ गर्ग, दीपांशु कालड़ा, कमल पसरिचा, योगेश चावला,पंकिश अग्रवाल,लोकेश मोदी,शिव बांसल,पुनीत बांसल,चेतन सिंगल,शम्मी अजमानी, सुरेंद्र कालड़ा, संयम मलिक, शुभम बांसल, विवेक गुप्ता, डिंपल कालड़ा, सिद्धार्थ जिंदल ने बताया कि भगवान गौर निताई का दिव्य रथ देसी व विदेशी फूलों से सज चुका है भगवान के लिए रथ के ऊपर बहुत ही भव्य फूल बंगला बनाया गया है।रथ यात्रा मार्ग में 351स्वागती मंचों पर से भंडारा प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# सीआईआई लुधियाना वार्षिक सत्र : गौतम ढल बने सीआईआई लुधियाना चेयरमैन




लुधियाना में सीआईआई लुधियाना जोन का वार्षिक सत्र आयोजित हुआ, जिसमें एमएसएमई और बड़े उद्योगों की सक्रिय भागीदारी रही। समारोह के दौरान चेयरमैन, सीआईआई पंजाब स्टेट श्री अमित जैन ने औपचारिक रूप से श्री गौतम ढल को लुधियाना जोन का नया चेयरमैन और श्री ऋषि गुप्ता को वाइस चेयरमैन नियुक्त किया। सत्र के बाद डिप्टी कमिश्नर श्री हिमांशु जैन और नगर निगम आयुक्त डॉ. नीरू कत्याल गुप्ता के साथ उद्योग संवाद हुआ। उद्योगपतियों ने वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन, फोकल प्वाइंट में डंप यार्ड, सीएलयू (चेंज ऑफ लैंड यूज) प्रक्रियाओं, औद्योगिक भूमि विस्तार और पुरानी इंडस्ट्रियल माइग्रेशन पॉलिसी को पुनर्जीवित करने जैसे मुद्दे उठाए। ईस्टमैन ग्रुप के एमडी और पूर्व चेयरमैन श्री जे.आर. सिंगल ने औद्योगिक क्षेत्रों में डंप साफ कराने और पार्कों के रखरखाव में अपने सामाजिक योगदान की जानकारी दी। वहीं श्री एस.एस. भोगल ने उद्योग समस्याओं के लिए समर्पित अधिकारी तैनात करने और 'ओल्ड बर्मिंघम पॉलिसी' मॉडल लागू करने का सुझाव दिया। डिप्टी कमिश्नर ने उद्योगों को समस्याओं के त्वरित समाधान का आश्वासन दिया, जबकि नगर निगम आयुक्त ने ई-नक्शा, भूमि स्वीकृति और एनओसी प्रक्रियाओं को सरल बनाने की बात कही। सत्र में सतत औद्योगिक विकास के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई गई।

# निगम जोन-सी में मेयर की अचानक चैकिंग, जोनल कमिश्नर समेत 90 प्रतिशत अधिकारी दिखे गायब

क्लर्क स्टॉफ अधिकारियों के मीटिंग में व्यस्त होने तो कोई ऊपरी मंजिल पर बैठन के लगाते दिखा बहाने



## ऑफिस का काम छोड़ सीवरेज उद्घाटन में चले गए जेई

वहीं बाकी अधिकारियों को लेकर मुलाजिमों के बहाने तो एक जैसे थे। लेकिन ओएंडएम सेल के जेई इकबाल सिंह तो पब्लिक डीलिंग छोड़ सीवरेज उद्घाटन पर चल दिए। हैरानी की बात तो यह है कि राजनेताओं को खुश करने के चक्कर में अधिकारी जनता को परेशान कर रहे हैं। जेई के ऑफिस से गायब होने के कारण काम कराने आया एक बुजुर्ग व्यक्ति दो घंटों से इंतजार करता रहा। ओएंडएम सेल के बाकी मुलाजिमों ने भी उक्त बुजुर्ग से पूछने की जरुरत तक नहीं समझी। पहले तो मुलाजिमों ने उक्त व्यक्ति की बात तक नहीं सुनी, मेयर के आने पर उसकी फाइल पकड़कर चैक करने लगे।



## सेवा केंद्र के मुलाजिम कर रहे लोगों का शोषण

चैकिंग के दौरान पता चला कि सेवा केंद्र में सरेआम लोगों का शोषण होता है। टीएस-1 के लिए व्यक्ति परेशान होता दिखा और सेवा केंद्र के मुलाजिम भी उसे सही से जवाब नहीं दे पा रहे थे। हैरानी की बात तो यह है कि लोगों की प्रॉपर्टियों संबंधी जरुरी फाइलें तक का सेवा केंद्र के मुलाजिम ध्यान नहीं रखते, तो ऐसे में उनसे और क्या उम्मीद की जा सकती है। इसी तरह प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत लोन लेने के लिए लोगों की लाइनें देखने को मिली। सुबह 9 बजे खुलने वाले इन केंद्रों में दोपहर पौने एक बजे तक लोन की 4 फाइलें ही पास हुई। मेयर ने देरी का कारण पूछा तो मुलाजिम बोले इंटरनेट धीरे था। यहां यह बताना जरुरी है कि पिछले कई सालों से सेवा केंद्रों द्वारा इंटरनेट धीरे की बात कहकर लोगों को घंटों खड़ाए रखा जाता है। जबकि असलियत में इस केंद्र के मुलाजिम खुद कमाई के चक्कर में लोगों की फाइलें पास कराने को अपनी सीट पर कम और अधिकारियों के ऑफिसों में ज्यादा घूमते हैं। इसी कारण लोग केंद्रों में काम के लिए परेशान होते रहते हैं।



## क्या इंस्पेक्टरों ने रखे हुए हैं बिचौलिए ?

मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर द्वारा चैकिंग के दौरान सबसे पहले जोन-सी के नीचे बने सेवा केंद्र का दौरा किया तो वहां एक व्यक्ति मिला। जिसने बताया कि उसने टीएस-1 के लिए 12 फरवरी को अप्लाई किया। 20 फरवरी को वह टीएस-1 लेने आया तो पता चला कि इंस्पेक्टर द्वारा की रिपोर्ट के दस्तावेज गायब हैं। जिस पर मेयर ने सेवा केंद्र की महिला मुलाजिम से बात की। लेकिन वह भी फाइल उधर देने, इधर देने की बात कहकर टाल मटोल करती रही। फिर मुलाजिम ने कहा कि फाइल मिल नहीं रही, यहां से इंस्पेक्टर पास फाइल भेजी थी, लेकिन पता नहीं कहां चली गई। इस दौरान एक बिचौलिए गुरबख्श सिंह को भी पकड़ा, जो टीएस-1 के लिए व्यक्ति को उलझा रहा था। गुरबख्श सिंह ने मेयर को बताया कि उसने इंस्पेक्टर सुरिंदर को मौका देखने के लिए दस्तावेज दिए हैं। लगता है कि अब शायद इंस्पेक्टरों ने भी बिचौलिए रख लिए हैं, जो उन्हें काम करने के लिए फाइलें मुहैया करवा रहे हैं। चर्चा है कि इसी तरह बिचौलिए लोगों को उलझाकर काम देरी से होने की बात कहकर पैसे ले लेते हैं।

राजदीप सिंह सैनी

**लुधियाना/यूटर्न/21 फरवरी। अक्सर मीटिंगों में, फिल्ड में होने और ऑफिस काम से गए होने के बहाने लगाकर पूरा दिन ऑफिस से गायब रहने वाले नगर निगम जोन-सी के अधिकारियों व मुलाजिमों की एक बार फिर से पोल खुलकर सामने आ गई है।** दरअसल, मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर शुक्रवार को नगर निगम के गिल रोड स्थित जोन-सी ऑफिस में अचानक चैकिंग करने पहुंची। इस दौरान जोनल कमिश्नर गुरपाल सिंह, एटीपी, जेई, इंस्पेक्टर से लेकर नीचे सत्र के मुलाजिमों का 90 प्रतिशत स्टॉफ अपनी सीटों से गायब था। ओएंडएम सेल के जेई इकबाल सिंह तो पब्लिक डीलिंग छोड़ सीवरेज उद्घाटन पर गए हुए थे। इस दौरान ऑफिस में मौजूद बाकी स्टॉफ द्वारा अधिकारियों के मीटिंग में गए होने तो किसी ने ऊपरी मंजिल पर बैठे होने के बहाने बनाए। हालांकि यह अधिकारी व मुलाजिम कुछ समय के लिए नहीं बल्कि 2-3 घंटे से ऑफिसों से गायब थे। जिसके चलते वहां काम करवाने आए लोग ऑफिसों के बाहर बैठकर उनका इंतजार करते नजर आए। वहीं इस दौरान जोन-सी के नीचे बने सेवा केंद्र में मुलाजिमों द्वारा किस तरह लोगों का शोषण किया जा रहा है, इसका भी सच मेयर के सामने आया। वहीं कई बिचौलिए भी मौके पर धरे गए। इस दौरान मेयर ने अधिकारियों व मुलाजिमों को सीधे चेतावनी दी कि पब्लिक के समय की कदर करें, लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



## जोनल सुपरीटेंडेंट, तहबाजारी सुपरीटेंडेंट, एटीपी व इंस्पेक्टर भी गायब

मेयर द्वारा जोनल सुपरीटेंडेंट अब्दुल सतार के ऑफिस पहुंचे। जहां एक घंटे से एक बुजुर्ग उनका इंतजार कर रहा था। स्टॉफ का कहना था कि अधिकारी मीटिंग में गए हैं। वहीं फिर कमरा नंबर 10ए में तहबाजारी सुपरीटेंडेंट और ऑफिस की भी चैकिंग की। वहां अधिकारी सुबह से नहीं पहुंचे थे। वहीं एटीपी व बिल्डिंग इंस्पेक्टर भी नहीं आए थे।



जोनल कमिश्नर की खाली पड़ी कुर्सी

### जोन-सी की सच्चाई खुद ही निकलकर सामने आई

इससे पहले भी लोगों द्वारा जोन-सी में ज्यादातर अधिकारी व मुलाजिम कुर्सियों से गायब रहने के आरोप लगाए जाते थे। लेकिन तब उच्च अधिकारी इस बात को सुना अनसुना कर देते थे। लेकिन मेयर की अचानक चैकिंग ने सच्चाई खुद ही सामने लाकर रख दी। मेयर द्वारा चैकिंग के दौरान अपने फेसबुक पेज पर लाइव चलाया जा रहा था। जिसमें अधिकारियों की सच्चाई बिना कुछ बोले ही सामने आती रही।

### आखिर ऐसे कौन से प्रोजेक्ट जारी, जिनके लिए रोजाना होती मीटिंगें

वहीं शहर में चर्चा छिड़ गई है कि आखिर ऐसे कौन से प्रोजेक्ट सरकार द्वारा लाए जा रहे हैं। जिन्हें लेकर आए दिन जोनल कमिश्नर से लेकर इंस्पेक्टरों तक की मीटिंगें की जा रही है। यह मीटिंगें इतनी जरुरी है कि पब्लिक डीलिंग भी छोड़ दी जाती है। चैकिंग दौरान ज्यादातर अधिकारियों के ऑफिस स्टॉफ का यहीं बहाना था, कि मीटिंग में गए हैं। जबकि पहले भी यहीं बहाने आम जनता को लगाए जाते हैं। इस पर मेयर और निगम कमिश्नर को ध्यान देने की जरुरत है।

# चंडीगढ़ इंटरनेशनल मैराथन : 1 मार्च को इतिहास रचेगा शहर

चंडीगढ़/यूटर्न/21 फरवरी। स्मार्ट सिटी चंडीगढ़ पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर की मैराथन की मेजबानी करने जा रहा है। 1 मार्च को आयोजित होने वाली इस ऐतिहासिक दौड़ में 38 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों सहित 3,500 से अधिक धावक भाग लेंगे। विजेताओं के लिए कुल एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है, जिससे यह आयोजन क्षेत्र का सबसे बड़ा रनिंग इवेंट बन गया है। पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी प्रशासक गुलाब चंद कटारिया मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। उन्होंने इसे चंडीगढ़ के लिए ऐतिहासिक अवसर बताते हुए कहा कि यह आयोजन शहर को अंतरराष्ट्रीय खेल मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। हाफ मैराथन इसी मार्ग के एक चक्र में आयोजित की जाएगी। 10 किमी रन चंडीगढ़ क्लब से मटका चौक होते हुए एयर फोर्स म्यूजियम, रोज गार्डन और गवर्नमेंट म्यूजियम से होकर वापस प्रारंभिक स्थल पर समाप्त होगी। 5 किमी रन सुखना पाथ मार्ग पर आयोजित की जाएगी। 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग में विभिन्न श्रेणियों के तहत कुल 138 विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। प्रत्येक प्रतिस्पर्धात्मक श्रेणी में शीर्ष तीन समग्र विजेताओं को भी विशेष नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। 5 किमी रन के प्रतिभागियों को सहभागिता पदक और प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। प्रशासन को उम्मीद है कि यह मैराथन आने वाले वर्षों में चंडीगढ़ की पहचान एक प्रमुख रनिंग डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करेगी।

# केआईएमटी में आयोजित चौथी वार्षिक एथलेटिक मीट




लुधियाना/यूटर्न/21 फरवरी। खालसा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी फॉर विमेन, सिविल लाइंस, लुधियाना ने छात्राओं में खेल भावना और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए 21 फरवरी को अपनी चौथी वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन हरबंस सिंह (सेवानिवृत्त), प्रभारी एसएआई, राष्ट्रीय स्तर के भारोत्तोलन खिलाड़ी ने गुब्बारे छोड़कर किया। कार्यक्रम की शुरूआत एक शानदार मार्च पास्ट से हुई, जिसके बाद मशाल प्रज्वलन और मार्शल आर्ट्स का मनमोहक प्रदर्शन हुआ। 50 मीटर और 100 मीटर दौड़, लेमन स्पून रेस, थ्री-लेग रेस, सैक रेस, छट्टी रेस, रिले रेस, स्किपिंग, लॉन्ग जंप, स्लो साइकिलिंग, हर्डल रेस और रस्साकशी जैसी विभिन्न ट्रैक एंड फील्ड स्पधाओं ने दिन को और भी रोमांचक बना दिया। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रतिस्पर्धा की भावना का शानदार प्रदर्शन किया। पुरस्कार वितरण और समापन समारोह में पद्म श्री पुरस्कार विजेता और हॉकी ओलंपियन बलदेव सिंह उपस्थित थे। निदेशक हरप्रीत कौर ने विजेताओं को बधाई दी। भूमि (बीसीए प्रथम वर्ष), महक और प्रिंधि (बी.कॉम ऑनर्स प्रथम वर्ष) को जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में ताइक्वांडो में उनकी उपलब्धियों के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

# कथित प्रताड़ना से परेशान युवती ने जहर खाया, एक के खिलाफ मामला दर्ज

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/21/फरवरी। पुलिस द्वारा साझा की गई क्राइम रिपोर्ट के अनुसार थाना सिद्धवां बेट के अधीन पुलिस चौकी गिद्दड़विंडी में एक युवती द्वारा जहरीला पदार्थ सेवन कर आत्महत्या करने के मामले में केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच एएसआई राजविंदर पाल सिंह कर रहे हैं। शिकायतकर्ता शिंदर कौर पत्नी सुखदेव सिंह निवासी कन्निया हुसैनी ने बयान में बताया कि वह अपनी छोटी बेटी कविता के साथ रहती थी। आरोप है कि अरशदीप सिंह उर्फ अरश पुत्र कश्मीर सिंह निवासी कन्निया हुसैनी पिछले कुछ दिनों से उसकी बेटी को परेशान कर रहा था और विवाह के लिए दबाव बना रहा था। 17 फरवरी की सुबह करीब 8 बजे आरोपी ने फोन कर कथित रूप से धमकी दी कि यदि उसकी बेटी ने उससे शादी नहीं की तो वह बातचीत की रिकॉर्डिंग वायरल कर देगा। शिकायत के अनुसार लगातार धमकियों से परेशान होकर युवती ने सतलुज नदी पुल के पास गांव खुर्शेदपुरा के नजदीक जहरीला पदार्थ सेवन कर लिया। इलाज के लिए मोगा ले जाते समय सिद्धवां बेट के पास उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पीजीआई में ढअटर सेल की स्थापना, प्रो. डॉ. सोनू गोयल बने पंजाब, हिमाचल और चंडीगढ़ के स्टेट कन्वीनर

चंडीगढ़ /यूटर्न/21 फरवरी। नेशनल अकादमी ऑफ मेडिकल साइंसस की ओर से मेडिकल शिक्षा और शोध को सुदृढ़ करने की दिशा में अहम पहल करते हुए पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ के कम्युनिटी मेडिसिन एवं स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ विभाग में NAMS सेल की स्थापना की गई है। यह सेल पंजाब, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ क्षेत्र के लिए एक क्षेत्रीय अकादमिक हब के रूप में कार्य करेगा इस सेल का उद्देश्य शोध उत्कृष्टता को बढ़ावा देना, साक्ष्य-आधारित नीतिगत निर्णयों को प्रोत्साहित करना और चिकित्सा व सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों के बीच सहयोग को मजबूत करना है।



### प्रो. डॉ. सोनू गोयल को बड़ी जिम्मेदारी

सोनू गोयल को NAMS द्वारा पंजाब, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ के लिए स्टेट कन्वीनर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति उनके विशिष्ट अकादमिक नेतृत्व, नीति-निर्माण में योगदान और क्षमता निर्माण के क्षेत्र में दीर्घकालिक कार्यों की मान्यता के रूप में की गई है। NAMS, भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर की एक नोडल एजेंसी है, जो देश में चिकित्सा शिक्षा को बढ़ावा देने और स्वास्थ्य पेशेवरों की क्षमता सुदृढ़ करने के लिए कार्य करती है।

### 25 वर्षों से तंबाकू नियंत्रण पर कार्य

प्रो. डॉ. गोयल पीजीआईएमईआर के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग में प्रोफेसर हैं और पिछले 25 वर्षों से तंबाकू नियंत्रण के क्षेत्र में शोध और जनस्वास्थ्य कार्रवाई से जुड़े रहे हैं। वे आयरलैंड की यूनिवर्सिटी ऑफ लिमेरीक और यूनाइटेड किंगडम की सवानसे यूनिवर्सिटी में एडजंक्ट फैकल्टी भी हैं। वह WHO डायरेक्टर-जनरल अवॉर्डी रिसोर्स सेंटर फॉर टोबैको कंट्रोल के निदेशक हैं और इंटरनेशनल पब्लिक हेल्थ मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम के कोर्स डायरेक्टर भी हैं, जिसके माध्यम से 97 देशों के 1600 से अधिक स्वास्थ्य पेशेवरों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इसके अतिरिक्त वे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की वैज्ञानिक सहायता समूह के कन्वीनर, NAMS टास्क फोर्स ऑन टोबैको कंट्रोल के प्रमुख, 'द यूनियन' के MPOWER रिसर्च ग्रुप के प्रमुख, SARC-CCT (भारत) के कंट्री कोऑर्डिनेटर तथा WHO FCTC GATC एक्सपर्ट ग्रुप 2.1 के सदस्य भी हैं।

### क्या होगा NAMS सेल का उद्देश्य

स्टेट कन्वीनर के रूप में प्रो. डॉ. गोयल तीनों क्षेत्रों में NAMS की गतिविधियों को सुदृढ़ करेंगे, संस्थानों के बीच सहयोग बढ़ाएंगे, युवा शोधकताओं को मार्गदर्शन देंगे और सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़े प्राथमिक मुद्दों पर अकादमिक और नीति-निमार्ताओं के बीच संवाद को प्रोत्साहित करेंगे। प्रो. डॉ. सोनू गोयल ने कहा पीजीआईएमईआर में NAMS सेल की स्थापना हमारे लिए सम्मान की बात है। इससे फैकल्टी और रेजिडेंट्स को बहु-विषयक शोध, क्षमता निर्माण और चिकित्सा शिक्षा को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी इस पहल को क्षेत्र में मेडिकल शिक्षा और शोध को नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने किया बुड्ढा दरिया पुनर्सुरजीत परियोजना का निरीक्षण, प्रदूषण फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश





लुधियाना, 21 फरवरी। पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने शनिवार को शहर दौरे के दौरान बुड्ढा दरिया पुनर्सुरजीत परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दरिया में गोबर या औद्योगिक गंदा पानी छोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



राज्यसभा सांसद संत बलबीर सिंह सीचेवाल, मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर, नगर निगम कमिश्नर डॉ. नीरू कत्याल गुप्ता और अन्य अधिकारियों के साथ राज्यपाल ने ताजपुर रोड स्थित 'संगत घाट' के पास दरिया का निरीक्षण किया। उन्होंने ताजपुर रोड डेयरी कॉम्प्लेक्स में स्थापित एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (ईटीपी) का भी जायजा लिया और दरिया में नाव यात्रा कर जमीनी स्थिति देखी।

इसके बाद पंजाब कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में डीसी हिमांशु जैन, पीपीसीबी, सीवरेज बोर्ड व अन्य विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। राज्यपाल ने कहा कि दरिया का ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व है, इसलिए इसके प्रदूषण को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने नियमित मॉनिटरिंग और उल्लंघन करने वालों पर शिकंजा कसने के निर्देश दिए तथा नागरिकों से भी सफाई अभियान में सहयोग की अपील की।

# रायपुर कलां गौशाला हादसा: 50 गोवंश की मौत पर जांच रिपोर्ट दाखिल, साजिश से इनकार; कुप्रबंधन जिम्मेदार



चंडीगढ़ /यूटर्न/21 फरवरी। रायपुर कलां स्थित गौशाला में गोवंश समेत 50 गायों की मौत के मामले में मजिस्ट्रेट जांच पूरी कर रिपोर्ट मुख्य सचिव को सौंप दी गई है। रिपोर्ट में किसी भी प्रकार की साजिश या आपराधिक कृत्य से साफ इनकार किया गया है, जबकि गौशाला और शव निस्तारण प्रणाली में गंभीर लापरवाही को घटना का प्रमुख कारण माना गया है। यह घटना 20 जनवरी को सामने आई थी, जिसके बाद प्रशासन ने तत्काल जांच के आदेश दिए थे। अतिरिक्त उपायुक्त-सह-अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) अमनदीप सिंह भट्टी को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया था। जांच में सामने आया कि गौशाला से जुड़े इंसीनेरेटर प्लांट में बार-बार तकनीकी खराबी आती रही, जिससे मृत पशुओं के शव समय पर निस्तारित नहीं हो सके। नगर निगम की कारकस निस्तारण इकाई के लंबे समय तक बंद रहने से भी हालात और बिगड़े। रिपोर्ट के अनुसार गौशाला और इंसीनेरेशन प्लांट के संचालन में कई स्तरों पर व्यवस्थागत खामियां पाई गईं। निरीक्षण और निगरानी की कमी के कारण हालात नियंत्रण से बाहर हो गए।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा

जांच रिपोर्ट के साथ संलग्न पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया है कि मृत गायों और बछड़ों के पेट में भारी मात्रा में प्लास्टिक, पॉलीथिन और अन्य कचरा जमा था। इससे उनकी पाचन क्रिया बुरी तरह प्रभावित हुई। चिकित्सकीय निष्कर्ष में कहा गया है कि शरीर में अत्यधिक प्लास्टिक जमा होने के कारण सांस लेने में दिक्कत और दम घुटने से मौत हुई। पोस्टमार्टम के नमूने सेक्टर-36 स्थित सीएफएसएल लैब भेजे गए थे, जहां से प्राप्त रिपोर्ट को भी जांच में शामिल किया गया।

### सुधार के लिए सिफारिशें

जांच रिपोर्ट में भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कई सुझाव दिए गए हैं—

- गौशालाओं में साफ-सफाई और स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ की जाए।
- 24 घंटे निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं।
- पशुपालन विभाग के डॉक्टरों की समर्पित टीम गठित कर नियमित स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित किया जाए।
- शव निस्तारण प्रणाली को तकनीकी रूप से उन्नत और सतत क्रियाशील रखा जाए।

प्रशासन ने रिपोर्ट मिलने के बाद संबंधित विभागों से जवाब तलब करने और जिम्मेदारी तय करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मामले पर प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा भी रिपोर्ट मांगे जाने के कारण प्रशासनिक स्तर पर गंभीरता बरती जा रही है।

# युवक नशा करते पकड़ा, एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/21/फरवरी। पुलिस द्वारा साझा की गई क्राइम रिपोर्ट के अनुसार थाना सदर जगराओं पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को नशा करते हुए पकड़ा है। मामले की जांच एएसआई मनजीत सिंह कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार एएसआई मनजीत सिंह पुलिस टीम के साथ संदिग्ध व्यक्तियों की जांच के सिलसिले में चौकीमान से गांव गुड़े की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सेम के पास कच्चे रास्ते की झाड़ियों के निकट एक युवक नशा करता दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही उसने हाथ में पकड़ा सामान जमीन पर फेंक दिया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे काबू कर लिया। पूछताछ में उसकी पहचान सुनील कुमार उर्फ लक्की पुत्र अश्वनी कुमार निवासी चौकीमान, थाना सदर जगरांव के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पीएम मोदी के बराबर लीजेंड सिद्धू मूसेवाला के सब्सक्राइबर, 4 साल में यूट्यूब पर 19.8 मिलियन फॉलोअर्स बढ़े

पंजाब/यूटर्न/21 फरवरी। पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला को इस दुनिया से गए हुए लगभग चार साल हो गए हैं, लेकिन उनका क्रेज फैंस में पहले की तरह बरकरार है। इस चीज का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि मूसेवाला के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर उनके सब्सक्राइबर देश के पीएम नरेंद्र मोदी के लगभग बराबर हो गए हैं। सिद्धू के सब्सक्राइबर इस समय 29.8 मिलियन हैं, जबकि पीएम मोदी के 29.9 मिलियन हैं। इसकी वजह यह है कि सिद्धू के माता-पिता समय-समय पर उनके अनरिलीज्ड गाने रिलीज करते रहते हैं। उनका दावा है कि वे गानों के माध्यम से बेटे को जीवित रखेंगे। मूसेवाला का मर्डर 29 मई 2022 को हुआ था। उस समय उनके यूट्यूब चैनल पर लगभग 10 मिलियन सब्सक्राइबर थे। मर्डर से लेकर अब तक उनके सब्सक्राइबर लगभग 19.8 मिलियन बढ़े हैं।






## होलोग्राम शो इसी साल करने की तैयारी

उधर, सिद्धू मूसेवाला के परिवार वाले अब उनके होलोग्राम शो की तैयारियों में जुटे हैं। इसी साल उनके शो के आने की घोषणा की गई है। इटली के कलाकार इस शो को तैयार कर रहे हैं। बलकौर सिंह सिद्धू ने यह जानकारी कुछ समय पहले अपने इंस्टा अकाउंट पर शेयर की थी। वे इससे पहले भी इटली में शो की तैयारियां देखने के लिए पहुंचे थे। बलकौर सिंह सिद्धू बेटे के निधन के बाद भी लगातार उनके गाने रिलीज कर रहे हैं। बरोटा सॉन्ग की रिलीजिंग के वक्त ही सिद्धू के होलोग्राम शो को लेकर चर्चा शुरू हुई थी। बलकौर सिंह ने बताया था कि सिद्धू का 2026 में वर्ल्ड टूर होगा। इसका नाम रसाइन टू गॉडेर रखा गया है।

# वित्त मंत्री चीमा का दावा- पंजाब से खत्म होगा गैंगस्टरवाद, शिअद, भाजपा- कांग्रेस ने पैदा किया

पंजाब/यूटर्न/21 फरवरी। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने दावा किया है कि राज्य में गैंगस्टरवाद को अकाली दल, कांग्रेस और भाजपा ने बढ़ावा दिया है। उन्होंने मानसा में कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार पंजाब से गैंगस्टरवाद का पूरी तरह सफाया करेगी। वित्त मंत्री चीमा मानसा के माता सुंदरी यूनिवर्सिटी गर्ल्स कॉलेज में 128 छात्राओं के लिए बनने वाले गर्ल्स हॉस्टल का शिलान्यास करने पहुंचे थे। इस हॉस्टल के निर्माण पर 10 करोड़ रुपए की लागत आएगी। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कॉलेज में हॉस्टल की बड़ी आवश्यकता थी, जिसे पूरा करने के लिए सरकार ने यह बड़ी सौगात दी है।



चीमा ने स्पष्ट किया कि पंजाब सरकार राज्य को गैंगस्टर मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि व्यापारियों को मिलने वाली धमकियों से निपटने के लिए एक अलग ट्रेड कमीशन का गठन किया गया है। यह कमीशन व्यापारियों के साथ मिलकर काम करेगा और किसी भी समस्या का तत्काल समाधान सुनिश्चित करेगा।

## स्कूली बच्चों द्वारा फिरौती मांगने पर जताई चिंता

फाजिल्का में स्कूली बच्चों द्वारा फिरौती मांगे जाने की घटनाओं पर वित्त मंत्री ने चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कई बार बच्चे गुमराह हो जाते हैं और मोबाइल टेक्नोलॉजी के कारण भी ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने जोर दिया कि सरकार ऐसी संस्कृति को खत्म करेगी और इसे पनपने नहीं देगी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि इसी यूनिवर्सिटी कॉलेज में एक डिजिटल लाइब्रेरी का भी निर्माण किया जाएगा। चीमा ने बताया कि पंजाब सरकार के आगामी बजट में मानसा के लिए एक विशेष पैकेज शामिल होगा। उन्होंने कहा कि बजट से पहले ही मानसा को यह पैकेज प्रदान कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, सरकार डीए की किश्त और पेंशन बहाली को लेकर भी कर्मचारियों के लिए सौगात लाएगी और उनकी मांगों को पूरा किया जाएगा।

# घरेलू कलह में निगम कर्मी ने दी जान, वीडियो बना पत्नी व ससुराल वालों पर लगाया आरोप

अमृतसर/यूटर्न/21 फरवरी। अमृतसर में घरेलू विवाद में ऑटो यूनियन के लीडर ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। खुद को गोली मारने से पहले उन्होंने एक वीडियो जारी कर अपनी पत्नी और ससुराल वालों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बताया जा रहा है कि करीब 6 माह से घर में पत्नी से विवाद चल रहा था। घटना वाली रात पत्नी मायके चली गई। रात करीब 3:30 बजे अपनी लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर लोग उनके कमरे में पहुंचे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।



## वीडियो के आधार पर जांच शुरू

मृतक शहर के चबाल रोड निवासी अश्विनी कुमार उर्फ आशु नाहर नगर निगम में चालक पद पर तैनात था और नगर निगम ऑटो वर्कशॉप यूनियन का प्रधान थे।

वे दो बेटियों (10 और 7 वर्ष) के पिता थे। घटना से पूरा परिवार सदमें हैं। पुलिस अब आशु द्वारा बनाए गए वीडियो और परिवार के बयानों को आधार बनाकर जांच को आगे बढ़ा रही है ताकि आत्महत्या के लिए उकसाने वाले कारणों की पुष्टि की जा सके।

# माइनिंग कार्रवाई के दौरान झड़प, दोनों पक्षों पर क्रॉस केस दर्ज

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/21/फरवरी। पुलिस द्वारा साझा की गई क्राइम रिपोर्ट के अनुसार गांव दद्दाहूर में माइनिंग विभाग की कार्रवाई के दौरान हुई झड़प के मामले में थाना सदर रायकोट अधीन पुलिस चौकी जलाल दीवाल में दोनों पक्षों के खिलाफ क्रॉस केस दर्ज किए गए हैं। मामले की जांच चौकी प्रभारी एएसआई लखबीर सिंह द्वारा की जा रही है। पहले पक्ष के बयान के अनुसार 6 फरवरी को शाम माइनिंग विभाग के कहने पर सुखविंदर सिंह अपने पिता भगवंत सिंह के साथ खेत में पहुंचे थे। वहां मौजूद मनदीप सिंह, जगदीप सिंह, संदीप सिंह, हरमीत सिंह और गुरदीप सिंह निवासी दद्दाहूर ने कथित रूप से डंडों से हमला कर दोनों की पिटाई कर दी। घायलों को सिविल अस्पताल रायकोट में भर्ती कराया गया। पुलिस ने उक्त पांचों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। दूसरे पक्ष के बयान में आरोप लगाया गया है कि हरमीत सिंह अपने खेत में काम कर रहा था, तभी सुखविंदर सिंह और भगवंत सिंह कार में आकर ललकारा मारते हुए हमला कर बैठे। उन्होंने पुरानी रंजिश और चल रहे एक मामले में गवाही देने को लेकर विवाद की बात कही है। इस संबंध में सुखविंदर सिंह, भगवंत सिंह तथा 2-3 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भी क्रॉस केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले की आगे की जांच जारी है।

# खन्ना में 'पंजाब सखी शक्ति मेला-2026' की धूम, महिला उद्यमियों को मिला सशक्त मंच







खन्ना (लुधियाना)/यूटर्न/21 फरवरी। खन्ना के दशहरा ग्राउंड में शनिवार को 'पंजाब सखी शक्ति मेला-2026' का रंगारंग शुभारंभ हुआ। 2 मार्च तक चलने वाले इस मेले का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने रिबन काटकर किया। लोक नृत्य कलाकारों ने पारंपरिक अंदाज में अतिथियों का स्वागत किया। मंत्री सौंद ने कहा कि पंजाब राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग तथा उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के सहयोग से आयोजित यह मेला महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि पंजाब सहित देश के विभिन्न राज्यों से करीब 200 स्टॉल लगाए गए हैं, जहां हस्तशिल्प, परिधान, घरेलू उत्पाद और खाद्य सामग्री उपलब्ध है। मेले में फूड कोर्ट, बच्चों के लिए झूले और प्रतिदिन शाम को प्रसिद्ध पंजाबी कलाकारों के सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहेंगे। प्रवेश शुल्क 20 रुपये रखा गया है, जबकि सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए प्रवेश निःशुल्क है। अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (विकास) अमरजीत बैंस ने कहा कि ऐसे मेले संस्कृति और विरासत से जुड़ने का सशक्त माध्यम हैं। पहले दिन बड़ी संख्या में लोगों ने खरीदारी कर उत्साह दिखाया।

# रोज फेस्टिवल में पतंगबाजी शो ने बांधा समां, एनवायरनमेंट सोसाइटी ऑफ इंडिया व म्युनिसिपल कारपोरेशन चंडीगढ़ की संयुक्त पहल

चंडीगढ़/यूटर्न/21 फरवरी। सेक्टर-16 स्थित रोज फेस्टिवल के 54वें संस्करण में इस बार पतंगबाजी शो मुख्य आकर्षण रहा। एनवायरनमेंट सोसाइटी ऑफ इंडिया, चंडीगढ़ ने म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन चंडीगढ़ के सहयोग से रंगारंग पतंग उड़ान कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें ट्राइसिटी सहित पंजाब और हरियाणा के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में छोटे बच्चों से लेकर स्कूल छात्र, युवा, महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक और सुपर सिटिजन्स तक ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। आसमान रंग-बिरंगी पतंगों से सज उठा और दर्शकों ने इस पारंपरिक खेल का भरपूर आनंद लिया। अहमदाबाद से आई विशेष टीम, जिसका नेतृत्व मेहुल पाठक कर रहे थे, ने विभिन्न रंगों और आकारों की आकर्षक पतंगें उड़ाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी कलात्मक पतंगबाजी ने फेस्टिवल



में चार चांद लगा दिए।

### हरदीप सिंह बुट्रेला ने किया उद्घाटन

कार्यक्रम का उद्घाटन म्युनिसिपल काउंसलर एवं निगम में नेता प्रतिपक्ष Hardeep Singh Butrela ने किया। उन्होंने बच्चों को मुफ्त पतंगें वितरित कीं और स्वयं भी पतंग उड़ाकर अपने बचपन की यादें ताजा कीं।

उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन न केवल परंपराओं को जीवित रखते हैं, बल्कि पर्यावरण जागरूकता, एकाग्रता और सामुदायिक एकता को भी बढ़ावा देते हैं।

### वर्षों से परंपरा को बढ़ावा

एनवायरनमेंट सोसाइटी ऑफ इंडिया के सचिव एन. के. झिंगन ने म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन का आभार जताते हुए बताया कि संस्था पिछले 30-40 वर्षों से विभिन्न त्योहारों पर पतंगबाजी कार्यक्रम आयोजित कर रही है। उन्होंने कहा कि अहमदाबाद की टीम को आमंत्रित करने से शहरवासियों को लाइव कलात्मक पतंगबाजी देखने का अवसर मिला। साथ ही उन्होंने प्रशासन से अन्य राज्यों की तर्ज पर वार्षिक पतंग महोत्सव आयोजित करने पर विचार करने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों में इंजीनियर अजय गर्ग (XEN, MC), बलराज छिक्कारा (SDO, MC) और गगनदीप (JE, MC)अपनी टीम सहित मौजूद रहे। एनजीओ के वॉलंटियर्स—हेमराज सतीजा, डॉ. रविंदर नाथ, प्रीति कपानी, राखी अग्रवाल, परमिंदर सिंह कपानी, अशोक कुमार, ऋषि गुप्ता और आरती—ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चंडीगढ़ के वरिष्ठ पतंगबाज के. एल. सचदेव और उनकी टीम ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम में जोश भर दिया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र और स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। पतंग उड़ाने की गतिविधियां रविवार को भी जारी रहेंगी, और आयोजकों को उम्मीद है कि और अधिक लोग इस सांस्कृतिक उत्सव का हिस्सा बनेंगे।

# मैक ऑटो एक्सपो-2026 के दूसरे दिन उमड़ा रिकॉर्ड तोड़ जनसैलाब





लुधियाना, 21 फरवरी: मैक ऑटो एक्सपोज़2026 के दूसरे दिन विजिटर्स की रिकॉर्ड तोड़ भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही प्रदर्शनी हॉल उद्योगपतियों, निर्माताओं, तकनीकी विशेषज्ञों और वरिष्ठ अधिकारियों से खचाखच भरे रहे। मशीनरी, ऑटोमेशन और प्रिसिजन इंजीनियरिंग में नवीनतम तकनीकों को देखने के लिए बड़ी संख्या में गंभीर खरीदार पहुंचे, जिससे विनिर्माण क्षेत्र में बढ़ते विश्वास का संकेत मिला।



प्रदर्शकों ने बताया कि इस बार बातचीत केवल औपचारिक न रहकर सीधे व्यापारिक संभावनाओं में बदलती नजर आई। कई स्टॉल्स पर ठोस लीड्स, पूछताछ और संभावित सहयोग के प्रस्ताव मिले। उद्योग जगत के गणमान्य प्रतिनिधियों ने भी प्रदर्शनी का दौरा कर मशीनरी की गुणवत्ता और नवाचार की सराहना की। सीआईसीयू के अध्यक्ष स. उपकार सिंह आहूजा ने कहा कि दूसरे दिन की जबरदस्त प्रतिक्रिया एक्सपो की विश्वसनीयता और उद्योग क्षेत्र की परिपक्वता को दर्शाती है। उन्होंने इसे आधुनिक तकनीकी समाधान और व्यापारिक नेटवर्किंग का प्रभावी मंच बताया।

उन्नत मशीनरी और नवाचारी समाधानों के साथ यह एक्सपो पारंपरिक औद्योगिक पद्धतियों और आधुनिक तकनीक के बीच सेतु का कार्य कर रहा है। आयोजकों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में भी यह उत्साह बरकरार रहेगा।

# दिल्ली में हाई अलर्ट, चांदनी चौक में लश्कर-ए-तैयबा पर आईईडी हमले की साज़िश का शक; हाल के धमाकों से चिंता बढ़ी



चंडीगढ़/यूटर्न/21 फरवरी। खुफिया जानकारी के बाद राष्ट्रीय राजधानी को हाई अलर्ट पर रखा गया है, जिसमें संकेत मिले हैं कि पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा पुरानी दिल्ली के घनी आबादी वाले चांदनी चौक इलाके में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) हमले की योजना बना सकता है। सूत्रों ने कहा कि संदिग्ध निशाना ऐतिहासिक लाल किले के पास स्थित एक मंदिर हो सकता है, जो एक हाई-सिक्योरिटी वाला हेरिटेज स्मारक है, जहां रोजाना हजारों लोग आते हैं। राजधानी के सबसे व्यस्त बाजारों में से एक चांदनी चौक में भारी भीड़ को देखते हुए इस अलर्ट ने गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। चेतावनी के बाद, दिल्ली पुलिस ने पुरानी दिल्ली में सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए हैं। अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं, गाड़ियों की अच्छी तरह से जांच की जा रही है, और बम डिस्पोजल स्क्वॉड के साथ स्निफर डॉग यूनिट संवेदनशील इलाकों में रेगुलर जांच कर रही हैं। उउळ्ळ कैमरों से निगरानी पर कड़ी नजर रखी जा रही है, और क्विक रिएक्शन टीमों को स्टैंडबाय पर रखा गया है।

### बैकग्राउंड: हाल के धमाकों से सिक्योरिटी की चिंता बढ़ी

यह नया अलर्ट पिछले साल नवंबर में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए एक जानलेवा धमाके के बाद आया है, जब विस्फोटकों से लदी एक गाड़ी में आस-पास धमाका हुआ था, जिसमें कई लोग मारे गए थे और कई घायल हुए थे। इस घटना से बहुत ज्यादा डर फैल गया था और राजधानी में सिक्योरिटी में बड़े बदलाव किए गए थे। इस मामले की जांच अभी नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी कर रही है। इसके अलावा, नवंबर में श्रीनगर के नौगाम इलाके में एक पुलिस स्टेशन में हुए धमाके में कई लोग मारे गए थे, जब जब्त किया गया विस्फोटक सामान हैंडलिंग के दौरान गलती से फट गया था। हालांकि अधिकारियों ने इसे गलती से हुआ बताया, लेकिन इस धमाके ने विस्फोटक सामान और आतंक से जुड़े नेटवर्क से लगातार खतरे को दिखाया।

### कई बार मिल चुकी हैं धमकियां

पिछले कुछ महीनों में, कई बम धमकियों जिनमें से कई को बाद में अफवाह बताया गया ने भी अलग-अलग राज्यों में स्कूलों, कोर्ट और पब्लिक जगहों पर गड़बड़ी की है, जिससे सिक्योरिटी एजेंसियां लगातार अलर्ट पर हैं। अधिकारियों ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी लावारिस चीज या संदिग्ध गतिविधि की तुरंत रिपोर्ट करने की अपील की है। हालांकि सुरक्षा काफी कड़ी कर दी गई है, लेकिन अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे घबराएं नहीं और कानून लागू करने वाली एजेंसियों के साथ सहयोग करें क्योंकि बचाव के उपाय अभी भी लागू हैं।

# सूए की पटरी के पास नशा करते युवक को पुलिस ने पकड़ा

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/21/फरवरी। पुलिस द्वारा साझा की गई क्राइम रिपोर्ट के अनुसार, थाना सिटी रायकोट पुलिस ने गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों की जांच के दौरान एक युवक को काबू किया है। जानकारी के मुताबिक, ए.एस.आई. कुलदीप सिंह पुलिस टीम के साथ रूपापट्टी रोड से सूए की पटरी होते हुए तलवंडी रोड की ओर गश्त कर रहे थे तभी झाड़ियों के पास एक युवक नशा करता दिखाई दिया। पुलिस वाहन को देखकर उसने हाथ में पकड़ा सामान फेंक दिया और मौके से भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे पकड़ लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# माधेपुर में सतलुज नदी में राजनीतिक प्रभाव में अवैध माइनिंग

## रात के अंधेरे में सतलुज की हो रही है स्क्रीनिंग, अधिकारी नहीं उठाते फोन, मामला मुख्यमंत्री दरबार तक पहुंचा

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/21/फरवरी। पंजाब सरकार के अवैध माइनिंग खत्म करने के बड़े-बड़े दावों की उस समय हवा निकलती दिखी जब सिधवां बेट थाने के गांव माधेपुर में सतलुज नदी से रेत की खुलेआम चोरी का बड़ा मामला सामने आया। एक समाजसेवी ने सीधे पंजाब के मुख्यमंत्री समेत बड़े अधिकारियों को लिखित शिकायत भेजकर माइनिंग माफिया, लोकल पुलिस की ढीली कारगुजारी और नेताओं की कथित मिलीभगत का खुलासा किया है। समाजसेवी हरजिंदर सिंह, बेटे गुरमेज राम, निवासी गांव मुहिम (नकोदर) ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में गंभीर आरोप लगाए हैं कि पिछले 10 दिनों से रात के समय गांव माधेपुर में सतलुज नदी में अवैध माइनिंग का काला धंधा जोरों पर चल रहा है। शिकायत के मुताबिक, सुखराज सिंह, काला और उसका भाई पिपली अपने 10-12 अनजान साथियों के साथ मिलकर पोकलाइन मशीनों से नदी का किनारा काट रहे हैं और रोजाना 100 टिपर/ट्रॉली रेत चोरी





हो रही है। शिकायत करने वाले के मुताबिक, सुखराज सिंह पर पहले भी गैर-कानूनी माइनिंग का केस दर्ज हो चुका है। पुलिस और एडमिनिस्ट्रेशन के काम करने के तरीके पर उठाए सवालः- शिकायत में सबसे चौंकाने वाला खुलासा एडमिनिस्ट्रेटिव एक्शन को लेकर है। हरजिंदर सिंह ने कहा कि पिछली 19 फरवरी की रात 10 से 12 बजे के बीच, जब माइनिंग जोरों पर चल रही थी, तो उन्होंने रत्नड सिधवान बेट, ऊढ जगराओं और माइनिंग डिपार्टमेंट के अधिकारियों को बार-बार फोन किया, लेकिन किसी भी ज़िम्मेदार अधिकारी ने फोन उठाने की जहमत नहीं उठाई। शिकायत करने वाले का दावा है कि उनके पास पक्के सबूत के तौर पर रात में चलने वाली पोकलाइन मशीन के फोन कॉल्स के रिकॉर्ड और वीडियो हैं। यह भी पता चला है कि माइनिंग करने वाली यह पोकलाइन मशीन दिन में नदी किनारे बने एक कैंप में छिपाकर रखी जाती है। बाहरी जिले की पुलिस से रेड की मांगः-आरोप है कि इस सारे गोरखधंधे के पीछे जगरांव के एक लोकल पॉलिटिकल लीडर का हाथ है, जिसकी वजह से लोकल पुलिस एक्शन लेने में आनाकानी करती दिख रही है। सोशल वर्कर हरजिंदर सिंह ने घटना के वीडियो और शिकायत मुख्यमंत्री, चीफ सेक्रेटरी पंजाब, डी.सी. लुधियाना, ऊक्क्रृलुधियाना रेंज और सेक्रेटरी माइनिंग पंजाब को भेजी है। उन्होंने जोर देकर मांग की है कि मामले की जांच किसी न्यूट्रल एजेंसी से कराई जाए या किसी बाहरी जिले से पुलिस रेड कराई जाए, ताकि आरोपियों के खिलाफ सही कानूनी कार्रवाई की जा सके। हरजिंदर सिंह के रेत माफिया पर लगाए गए आरोप कितने सच हैं, यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा, लेकिन रेत ले जाने में इस्तेमाल होने वाली गाड़ियों के नए निशान निश्चित रूप से गैर-कानूनी माइनिंग की गवाही देते हैं। अब देखना यह है कि इस गंभीर शिकायत और पक्के सबूतों के आधार पर बड़े अधिकारी और मुख्यमंत्री ऑफिस क्या एक्शन लेते हैं, या यह मामला भी पॉलिटिकल असर में ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगीः पुलिस स्टेशन चीफः-जब हमने इस बारे में माइनिंग डिपार्टमेंट के जे. ई. बिरिंदर सिंह से बात करने की कोशिश की, तो उन्होंने फोन नहीं उठाया, जबकि सिधवां बेट पुलिस स्टेशन के नए हेड हमराज सिंह ने कहा कि यह मामला उनके नोटिस में नहीं है। वह मामले की जांच करवाएंगे और दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

# एशियन गेम के लिए चुनी गई पखो-खो प्लेयर किरणदीप कौर को किया नगद इनाम से सम्मानित



चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/21/फरवरी। सिधवां बेट, 20 फरवरी)- कर्नाटक में हुई सीनियर नेशनल खो-खो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करने के बाद एशियन गेम्स के लिए चुनी गई गांव गालिब कलां की टैलेंटेड प्लेयर किरणदीप कौर की हौसला अफजाई के लिए गांव में एक खास सम्मान समारोह रखा गया। सतनाम सिंह सत्ता की इस बेटी की खेल उपलब्धियों पर गर्व करते हुए ग्राम पंचायत गालिब कलां और अमर वरअ और अगम वरअ के परिवारों ने उन्हें 11,000-11,000 रुपये के कैश प्राइज से सम्मानित किया। इसके साथ ही, स्पोर्ट्स और प्लेयर्स को बढ़ावा देने के लिए बीबी भरपूर कौर (स. जसबीर सिंह गिल की पत्नी), जो खुद खो-खो में नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट रह चुकी हैं, ने किरणदीप कौर को 5,100 रुपये का कैश प्राइज दिया। उन्होंने प्लेयर की हौसला अफजाई की और भविष्य में भी हर मुमकिन मदद देने का ऐलान किया। इस सम्मान समारोह के मौके पर सरपंच गुरचरण सिंह ज्ञानी, जिला परिषद सदस्य हरिंदर सिंह चहल, ब्लॉक समिति सदस्य डॉ. परमजीत सिंह पम्मा, कुलविंदर सिंह चहल, गुरमुख सिंह पंच, अवतार सिंह घोघा पंच, वरदीप सिंह दीपा, बेअंत सिंह सोनी, सूबेदार रणजीत सिंह, सरबजीत कौर, कुलजीत कौर, नवजोत कौर ने विजेता खिलाड़ी को आशीर्वाद दिया। आखिर में, किरणदीप कौर ने इस आर्थिक मदद और सम्मान के लिए ग्राम पंचायत और ठफ्क्रपरिवारों को धन्यवाद दिया और उन्हें एशियाई प्रतियोगिताओं में देश का नाम रोशन करने का भरोसा दिलाया। विजेता खिलाड़ी को सम्मानित करते हुए गांव के गणमान्य लोग और अन्य लोग।

Alia Bhatt



# हरजी मान ने शहर के वार्ड नंबर 11 और 22 में करीब 1.26 करोड़ के विकास प्रोजेक्टों की करवाई शुरूआत



फगवाड़ा 21 फरवरी (शिव कौड़ा) फगवाड़ा हलके में विकास की रफ्तार को नया मोड़ देते हुए आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं विधानसभा हलका फगवाड़ा के इंचार्ज हरनूर सिंह (हरजी) मान, ने शहर के वार्ड नंबर 22 और वार्ड नंबर 11 में करीब 1.26 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों की शुरूआत करवाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि फगवाड़ा को विकास के मामले में प्रदेश में अग्रणी बनाना उनका मुख्य उद्देश्य है। हरजी मान ने कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार जन-केंद्रित नीतियों के साथ कार्य कर रही है और हर वार्ड तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सडकों की मरम्मत, पक्की गलियों का निर्माण और निकासी व्यवस्था में सुधार से क्षेत्रवासियों को लंबे समय तक बड़ी राहत मिलेगी। हरजी मान ने कहा कि ह्यआपह्ण सरकार केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि विकास कार्यों को जमीनी स्तर पर लागू कर रही है। हर रुपया पारदर्शी ढंग से जन-कल्याण पर खर्च किया जा रहा है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी दावा किया कि आने वाले महीनों में फगवाड़ा हलके में और बड़े प्रोजेक्ट शुरू किए जाएंगे, जिससे क्षेत्र की तस्वीर पूरी तरह बदल जाएगी। स्थानीय निवासियों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि हलके में अब विकास की गूंज स्पष्ट सुनाई दे रही है।

दोनों वार्डों के निवासियों ने हरनूर सिंह मान और आम आदमी पार्टी द्वारा किए गए विकास कार्यों की सराहना करते हुए हार्दिक आभार प्रकट किया। इस अवसर पर डिप्टी मेयर विक्की सूद, ललित सकलानी, सीमा राणा, गुरदीप सिंह दीपा, सुखदेव सिंह काका, सुनीता हांडा पार्षद, सौरव हांडा, हरमेश पाठक, अमरिंदर सिंह यूथ कोऑर्डिनेटर, ब्लॉक प्रधान राजेश कौलसर, अमरीक सिंह, शमशेर सिंह, गोपी बेदी, हरप्रीत कौर, मनजीत कौर, प्रीति, ज्योति सहित वार्डों के गणमान्य उपस्थित थे।

# SOSVA संस्था ने डड्डूमाजरा में लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर, 120 लोगों का परीक्षण







## सोलर पैनल प्रशिक्षण से आत्मनिर्भरता की पहल

चंडीगढ़/यूटर्न/21 फरवरी। सेक्टर-38 स्थित डड्डूमाजरा सिविल डिस्पेंसरी में सोशवा संस्था द्वारा चंडीगढ़ स्टेट एड्स कण्ट्रोल सोसाइटी के सहयोग से सामुदायिक कार्यक्रम एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता एवं जिला सोशल मीडिया संयोजक सुमित शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। स्वास्थ्य शिविर के दौरान डॉ. निरंजन ने जनरल मेडिकल चेक-अप किया। वहीं भानु हॉस्पिटल की ओर से नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया, जिसमें जरूरतमंद लोगों को 40 मुफ्त चश्मे वितरित किए गए। इसके साथ ही सीबीएस, एचआईवी और सिफिलिस जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। शिविर में कुल 120 लोगों ने भाग लेकर स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। प्रतिभागियों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोगों को समय पर जांच के लिए प्रेरित करना था।

### कौशल विकास कार्यक्रम की भी शुरूआत

कार्यक्रम के दौरान समुदाय के युवाओं और इच्छुक प्रतिभागियों के लिए कौशल विकास (स्किल) कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस पहल के तहत सोलर पैनल इंस्टॉलेशन और तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद प्रतिभागियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे और वे सोलर वेंडर के रूप में भी कार्य कर सकेंगे। संस्था की प्रोजेक्ट मैनेजर श्रीमती पिंकी रानी ने बताया कि सोशवा आगे भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी, ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएं और रोजगार से जुड़े अवसर पहुंच सकें।कार्यक्रम के सफल आयोजन में चंडीगढ़ स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी का विशेष सहयोग रहा।

# चंडीगढ़ में भगवान वाल्मीकि भवन निर्माण की मांग तेज

## कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी से मिला वाल्मीकि समाज

अजीत झा



चंडीगढ़/यूटर्न/21 फरवरी। शहर में भगवान वाल्मीकि भवन के निर्माण की मांग को लेकर भगवान वाल्मीकि शोभायात्रा आयोजक कमेटी के सदस्यों ने हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया और अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। समिति के सदस्यों ने कहा कि चंडीगढ़ में वाल्मीकि समाज के लिए एक समर्पित भवन की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही है, जहां सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा सकें। उन्होंने सरकार से इस दिशा में शीघ्र ठोस कदम उठाने की अपील की। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनकी मांग को जल्द ही चंडीगढ़ के प्रशासक (गवर्नर) के संज्ञान में लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि समाज की भावनाओं का सम्मान करते हुए इस मांग को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर संयोजक समदर्श वेद, चेयरमैन विकास चंडालिया, उपचेयरमैन कंवल सिद्धू, काली आदिवाल, ओमपाल चावर, धर्मवीर राणा, जसबीर टांक, ज्योति पुहाल, रंजीत मोली, पिंड नरेश जिनवाल, रानी, विशाल वेद, सोनू चंडीगढ़, उदेश पुहाल, पेहल सिंह बिड़ला, पप्पू चावला सहित वाल्मीकि मंदिर कमेटी के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। समिति ने उम्मीद जताई कि प्रशासन इस मांग पर सकारात्मक निर्णय लेकर समाज को शीघ्र राहत प्रदान करेगा।

# ऑनलाइन बाल यौन शोषण सामग्री प्रसारित करने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/21 फरवरी। साइबर क्राइम पुलिस थाना चंडीगढ़ ने ऑनलाइन बाल यौन शोषण एवं आपत्तिजनक सामग्री के प्रसारण से जुड़े एक मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में थाना साइबर क्राइम सेक्टर-17 में एफआईआर नंबर 29 दिनांक 19.02.2026 के तहत सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 67-बी के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था। यह कार्रवाई एसपी साइबर यूटी चंडीगढ़ गीतांजलि खंडेलवाल के नेतृत्व में डीएसपी साइबर क्राइम एवं आईटी ए. वेंकटेश के मार्गदर्शन तथा इंस्पेक्टर एरम रिजवी की निगरानी में की गई। जांच के दौरान ऑनलाइन क्राइम अगेंस्ट वीमेन एंड चिल्ड्रन यूनिट और गृह मंत्रालय के अधीन इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (क्4उ) से तकनीकी सहयोग प्राप्त हुआ। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान मनीमाजरा निवासी जोगिंदर चंडीगढ़ के रूप में हुई है। मामले का खुलासा नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से प्राप्त एक साइबर टिपलाइन रिपोर्ट से हुआ। यह रिपोर्ट अमेरिका स्थित नेशनल सेंटर फॉर मिसिंग एंड एक्सप्लॉइटेड चिल्ड्रन से 'एह्व प्रायोरिटी स्तर पर प्राप्त हुई थी। रिपोर्ट में एक कथित इंस्टाग्राम अकाउंट द्वारा नाबालिग से संबंधित आपत्तिजनक सामग्री अपलोड/प्रेषित किए जाने की जानकारी दी गई थी। साइबर क्राइम थाना, सेक्टर-17 ने प्रारंभिक जांच करते हुए तकनीकी विश्लेषण और आईपी एड्रेस का परीक्षण किया।




संबंधित इंटरनेट सेवा प्रदाता से विधिक प्रक्रिया के तहत सब्सक्राइबर विवरण प्राप्त किए गए। कॉल डिटेल रिकॉर्ड और अन्य डिजिटल साक्ष्यों ने आरोपी की संलिप्तता की पुष्टि की। इसके बाद आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया गया। अपराध में प्रयुक्त इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त कर फॉरेंसिक जांच के लिए भेजे गए हैं। मामले की आगे की जांच जारी है। चंडीगढ़ साइबर थाना पुलिस ने स्पष्ट किया है कि डिजिटल माध्यम पर बच्चों के शोषण से जुड़े अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

नागरिकों से अपील की गई है कि ऐसी किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि की सूचना तुरंत नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (www.cybercrime.gov.in)या नजदीकी पुलिस स्टेशन में दें। चंडीगढ़ पुलिस ने दोहराया कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और साइबर अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### आम जनता के लिए एडवाइजरी

- नाबालिगों से संबंधित किसी भी आपत्तिजनक सामग्री का निर्माण, प्रसारण, डाउनलोड या संग्रहण गंभीर अपराध है।
- अभिभावक बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखें।
- निजी या संवेदनशील तस्वीरें/वीडियो साझा करने के जोखिमों के बारे में बच्चों को जागरूक करें।
- डिजिटल गतिविधियां ट्रेस की जा सकती हैं; आईपी एड्रेस व डिवाइस डिटेल जांच में सामने आ जाती हैं।
- ऐसी सामग्री दिखने पर उसे साझा न करें, बल्कि तुरंत रिपोर्ट करें।

# पंजाब के सरकारी स्कूल के 300 से ज्यादा स्टूडेंट्स ने जेईई मेन 2026 पास किया

चंडीगढ़/यूटर्न/21 फरवरी। पंजाब के सरकारी स्कूलों के 305 स्टूडेंट्स ने जेईई मेन 2026 (सेशन 1) पास कर लिया है, शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने शनिवार को बताया। पिछले साल, पहले सेशन में 187 सरकारी स्कूल के स्टूडेंट्स ने परीक्षा पास की थी, जिससे इस साल का परफॉर्मेंस काफी बेहतर हुआ है और यह सरकारी इंस्टीट्यूशन्स के कॉम्पिटिटिव एग्जाम के नतीजों में लगातार ऊपर की ओर ट्रेंड दिखाता है। खास बात यह है कि पूरे भारत से सिर्फ. 15,000 से 18,000 स्टूडेंट्स ही क्क्ळ एंट्रेंस के लिए क्वालिफाई करते हैं, लेकिन जो क्वालिफाई करते हैं उनमें से ज्यादातर पब्लिक और कॉन्वेंट स्कूलों से आते हैं। इसे देखते हुए, पंजाब के सरकारी स्कूलों से क्क्ळ खएए एग्जाम पास करने वाले स्टूडेंट्स की संख्या बहुत ज्यादा है।



### पंजाब के पब्लिक एजुकेशन सिस्टम में एक मील पत्थर

मंत्री ने इस उपलब्धि को पंजाब के पब्लिक एजुकेशन सिस्टम के लिए एक मील का पत्थर बताते हुए कहा, ग्दूसरे प्रयास के नतीजे घोषित होने के बाद यह आंकड़ा और बढ़ने वाला है। उन्होंने कहा कि रिजल्ट दिखाते हैं कि सरकारी स्कूल के स्टूडेंट्स अब नेशनल लेवल पर प्राइवेट स्कूल के स्टूडेंट्स के साथ कॉन्फिडेंस के साथ मुकाबला कर रहे हैं। बैंस ने आगे कहा कि कई सफल कैंडिडेट आर्थिक रूप से कमजोर तबके से आए थे, जिनमें दिहाड़ी मजदूरों, किसानों और छोटे दुकानदारों के बच्चे शामिल हैं। कम रिसोर्स के बावजूद, इन स्टूडेंट्स ने भारत के सबसे मुश्किल इंजीनियरिंग एंट्रेंस एग्जाम में से एक में सफल होने का पक्का इरादा और हिम्मत दिखाई।

### आनंदपुर साहिब असेंबली एरिया से पांच स्टूडेंट पास

आनंदपुर साहिब असेंबली एरिया से, एक सरकारी स्कूल के पांच स्टूडेंट्स ने एग्जाम पास किया, जो गांव के स्कूलों की बढ़ती एकेडमिक ताकत को दिखाता है। मिनिस्टर ने कहा कि स्टूडेंट्स को राज्य के 'ढअउए' कोचिंग पोर्टल के जरिए स्ट्रक्चर्ड एकेडमिक सपोर्ट मिला है, जो खास तौर पर खएए जैसे कॉम्पिटिटिव एग्जाम के लिए डिजाइन किए गए फ्री ऑनलाइन लेक्चर, प्रैक्टिस मटीरियल, मॉक टेस्ट और मेंटरशिप सपोर्ट देता है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372